सड़क किनारे मोरंग से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पंचर होने के कारण खड़ी थी। आरोप है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली के पास कोई चेतावनी संकेत या सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई थी। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रही एक बोलेरो अनियंत्रित होकर ट्रॉली से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो के पीछे आ रही एक अन्य एक्सयूवी गाड़ी ट्रॉली में जा घुसी। मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

हादसे में बोलेरो सवार रसूलाबाद के रहने वाले शिवलाल गौड़ (65) की मौके पर ही मौत हो गई, एक अन्य व्यक्ति की भी जान चली गई। मंगलवार रात खबर लिखे जाने तक दूसरे मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। हादसे में अजीत गौड़, मनजीत गौड़, राघवराम गौड़, रामप्रसाद और जावेद गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, राहत-बचाव कार्य में जुट गए। सूचना पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी। हल्का दारोगा सुरेंद्र यादव ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। एक्यूवी को थाने ले आया गया है।

## परिजनों ने नहीं उठाया शव, हत्या का आरोप

- ईंट भटठे के पास मिला युवक का शव, हत्या की आशंका
- रिपोर्ट दर्ज करने के आश्वासन पर हुए शांत



घटनास्थल पर ग्रामीणों से बातचीत करते एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी।

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के दर्शननगर रसूलाबाद मार्ग पर बैसिंह गांव के सामने भट्ठे के पास मंगलवार दोपहर एक युवक का शव मिला। परिस्थितियां संदिग्ध थीं। शव लहूलुहान था। सूचना पर परिजन और पुलिस पहुंचे। दुर्घटना की आशंका पर परिजनों ने नाराजगी व्यक्त की। हत्या का आरोप लगाया। रिपोर्ट दर्ज करने तक शव को न उठाने की बात पर अड़े गए। खबर फैली तो देखते ही देखते हजारों की संख्या में लोग इकट्ठा हो गए। बैसिंह गांव के राजित राम उर्फ राजू यादव (32 पुत्र तिलक राम गंगौली चौराहा पर स्थित शराब के ठेके के पास चाट और टिकिया की दुकान लगाता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मंगलवार को दोपहर मृतक बाजार से पकौड़ी लेकर घर की ओर रवाना हुआ था। दोपहर करीब एक बजे भट्ठे के मुंशी दुर्गेश ने मृतक के पिता तिलक राम को फोन से सूचना दी कि राजू यादव लहूलुहान स्थिति में भट्ठे के पास पड़ा है। परिजन मौके पर पहुंचे। पूराकलंदर प्रभारी निरीक्षक मनोज शर्मा घटनास्थल पर पहुंचे। घटना की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। हजारों लोग एकत्र हो गए। परिजन हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज किए जाने तक शव को न उठाने पर अड़ गए। भीड़ और परिजनों की मांग पर पुलिस के पसीने छूट गए। सूचना अधिकारियों को दी गई। सीओ सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ अयोध्या भारी दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। समझाने बुझाने के बाद परिजन नहीं माने तो रिपोर्ट दर्ज करने की बात पर शाम करीब साढ़े छह बजे परिजनों ने शव को घटनास्थल से उठाया। घटनास्थल पर पहुंचे पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडे, सरेठी प्रधान रक्षा राम यादव पीड़ित परिवार को सांत्वना देते हुए प्रशासन से हर संभव मदद दिलाने व न्याय दिलाने की बात कही। थानाध्यक्ष पूराकलंदर मनोज शर्मा ने बताया कि तहरीर मिलने पर रिपोर्ट की कार्रवाई होगी।

# नगर पंचायत खिरौनी की अध्यक्ष को नोटिस सही मिले अनियमितता के कई आरोप

**अयोध्या कार्यालय**


जांच का खुलासा | रिश्तेदारों की नियुक्ति, अवैध कब्जे की भूमि पर निर्माण, एडीएम की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी ने की जांच

नपं में बगैर स्वीकृति लाखों के कार्यों पर कर दिया भुगतान

11 फरवरी 2026 को प्रकाशित खबर।

- प्रमुख सचिव नगर विकास के यहां कल होगी व्यक्तिगत सुनवाई

**अमृत विचार:** वित्तीय अनियमितता के आरोपों से घिरी नगर पंचायत खिरौनी की अध्यक्ष रेशमा भारती को शासन ने नोटिस जारी की है। यह नोटिस प्रमुख सचिव नगर विकास लखनऊ के कार्यालय में सुनवाई के लिए जारी की गई है। दो अप्रैल को सुनवाई होगी।

नगर पंचायत खिरौनी की अध्यक्ष के खिलाफ सभासदों और बीकापुर विधायक ने वित्तीय अनियमितता का आरोप लगाया था। शिकायत की जांच तत्कालीन एडीएम वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी ने की थी। जांच में कई आरोप सही मिले। इसको लेकर अध्यक्ष की ओर से प्रत्यावेदन दिया गया था।अब इन आरोपों को लेकर फाइनल सुनवाई होने जा रही है। इसको लेकर शासन के उप सचिव राजेश्वरी प्रसाद की ओर से डीएम अयोध्या के माध्यम से अध्यक्ष को स्पष्टीकरण के लिए नोटिस जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि आख्या के बाद अध्यक्ष के खिलाफ सिद्ध पाए गए आरोपों के संबंध में प्रमुख सचिव नगर विकास के कार्यालय कक्ष में व्यक्तिगत सुनवाई नियत की गई है। यह सुनवाई दो अप्रैल 2026 को दिन में दोपहर 12:30 बजे होगी। आरोपों को लेकर वह अपना लिखित अभिकथन साक्ष्यों सहित दे सकती हैं। डीएम कार्यालय के मुताबिक सुनवाई के लिए नोटिस भेज दी गई है।

### सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापिका को दी विदाई

**अयोध्या, अमृत विचार :** पूर्व माध्यमिक विद्यालय मलेथू कनक में अभिभावक बैठक के साथ विद्यालय परिवार की तरफ से प्रधानाध्यापिका चंद्रा कुमारी गौड़ का विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। ग्राम प्रधान राकेश यादव ने कहा कि शिक्षक कभी सेवानिवृत्ति नहीं होता बल्कि शिक्षा व्यवस्था की एक परिधि से निकलकर अनौपचारिक रूप से समाज को एक दिशा देता रहता है। प्रभारी प्रधानाध्यापिका रूपाली शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता व सहायक शिक्षक गिरीश चंद्र मौर्य ने संचालन किया। कार्यक्रम में प्रबंध समिति के अध्यक्ष फूलचंद, अनिल सिंह, रविन्द्र गौतम, प्रेमचंद आदि मौजूद रहे।



सेवानिवृत शिक्षिका को स्मृति चिह्न देतीं इंचार्ज प्रधानाध्यापिका रूपाली शर्मा। अमृत विचार

### भाजपा ने किया दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**हैरिंग्टनगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र के चिखड़ी के एक मैरिज लॉन दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का आयोजन किया गया। मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया। शुभारंभ सूर्यकांत पाण्डेय ने मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रशिक्षण दो दिनों में कुल सात चरणों में आयोजित हुआ। कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यप्रणाली, जनसंपर्क मजबूत करने, सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी बढ़ाने, केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की जानकारी दी गई। समापन पर मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान ने सरकार के विकास कार्यों की चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से संगठन के सिद्धांतों, अनुशासन और सेवा भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में अजय सिंह, राहुल सिंह, मोहित मिश्रा, शनि सिंह, मानसमणि त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद रहे।



मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण करते विधायक चंद्रभानु पासवान।



प्रधानाचार्य परिषद द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में मौजूद सम्मानित शिक्षक व पदाधिकारी।

### सेवानिवृत्त पांच वरिष्ठ प्रधानाचार्यों को किया सम्मानित

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश प्रधानाचार्य परिषद द्वारा मंगलवार को सेवानिवृत्त जिले के पांच वरिष्ठ प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया। जिला अध्यक्ष संजीव चतुर्वेदी के नेतृत्व में सिविल लाइंस एक होटल में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पवन कुमार तिवारी ने अरवत इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य गिरीश दुबे, सिंगी ऋषि इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अवनींद्र श्रीवास्तव , जनता इंटर कॉलेज जयसिंह मऊ के प्रधानाचार्य गुलबहार निषाद, राजकीय इंटर कॉलेज के उप प्रधानाचार्य राजेश तिवारी व दीनदयाल इंटर कॉलेज बाकरगंज के प्रधानाचार्य अरुण तिवारी को सम्मानित किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम हैं। आप सभी ने लंबे समय तक माध्यमिक शिक्षा में जो योगदान दिया उसके लिए विभाग आपका सदैव ऋणी रहेगा। इस मौके पर जीआईसी के प्रधानाचार्य ओमकार पाल, प्रधानाचार्य परिषद के मंडल अध्यक्ष सरोज कुमार द्विवेदी, माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री आलोक तिवारी, कार्यक्रारी अध्यक्ष सुनील द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज में हंगामा, सोशल मीडिया पर भड़ास

**अयोध्या कार्यालय।**

- देर रात गार्डों पर बदसलूकी का आरोप लगा फेसबुक पर लाइव हुआ समाजसेवी



इमरजेंसी में बहसबाजी के दौरान समाजसेवी प्रदीप यादव।

**अमृत विचार :** दर्शन नगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में सोमवार रात जमकर हंगामा हुआ। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि व समाजसेवी प्रदीप यादव फेसबुक पर लाइव आ गए। इमरजेंसी में भर्ती वृद्धा को जबरन रेफर किए जाने की शिकायत पर उनसे मिलने पर पहुंचे प्रदीप यादव ने गार्डों पर बदसलूकी का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। घंटों बहसबाजी हुई। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद बड़ी संख्या में जुड़े लोगों ने मेडिकल कॉलेज प्रशासन के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के मुताबिक रुदौली की एक वृद्धा को सोमवार शाम इमरजेंसी में भर्ती कराया गया था। उन्हें रात में रेफर किया जाने लगा। तीमारदार ने मामले की सूचना समाजसेवी प्रदीप यादव को दे दी। वह समर्थकों के साथ पहुंच गए। वहां मौजूद लोगों से सवाल करने लगे। इसी दौरान कुछ ऐसी बात हो गई कि गार्ड आ गए और सबसे बाहर जाने के लिए कहने लगे। यह बात प्रदीप को नागवार गुजरी और वह फेसबुक पर लाइव आ गए। मेडिकल कॉलेज की चिकित्सा व्यवस्था पर सवाल उठा रहे प्रदीप की गार्डों से भिड़ंत हो गई। घंटों चली बहसबाजी देर रात समाप्त हुई। इसके बाद से सोशल मीडिया पर चिकित्सालय में अव्यवस्थाओं को लेकर लोगों द्वारा भेजे गए वीडियो को प्रदीप अपने फेसबुक पेज पर पोस्ट कर रहे हैं। साथ ही साथ स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक से सवाल कर व्यवस्थाओं पर सवाल उठा रहे हैं। इस संबंध में प्रदीप से संपर्क किया गया, लेकिन उनका फोन स्विच ऑफ था।

### पीड़िता से बेड खाली करने को कहा था!

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रुदौली की वृद्धा क्षय रोग के साथ शुगर से पीड़ित थीं। उन्हें सबसे पहले ईएनटी के चिकित्सक देखने आए। उन्होंने कह दिया कि यह हमारा मामला नहीं है। सूत्रों की मानें तो जांच पड़ताल के बाद उनसे बेड खाली करने के लिए कह दिया गया। कहा गया कि आप कल दोपहर में ओपीडी में दिखाने आइयेगा। इसी बात को लेकर वृद्धा के तीमारदार ने प्रदीप यादव को फोन किया था।

> हमारे आदमियों ने कुछ भी नहीं किया। किसी को रेफर नहीं किया गया था। कोई शिकायत नहीं आई है। हमने गार्डों को निर्देश दिए हैं कि गरीब आदमी बड़ी ही परेशानी के साथ आता है। उनसे सहुलियत से पेश आया जाए। -डॉ. डीएस मर्तोलिया, कार्यवाहक प्राचार्य

## भाजपा स्थापना दिवस को लेकर होंगे विविध कार्यक्रम

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार:** भाजपा का स्थापना दिवस छह अप्रैल को वृहद स्तर पर मनाने की तैयारी है। इसको लेकर सहादतगंज स्थित पार्टी कार्यालय में मंगलवार को बैठक हुई। क्षेत्रीय महामंत्री विजय प्रताप सिंह व महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ रूपरेखा तय की।

क्षेत्रीय महामंत्री ने बताया कि पांच अप्रैल को कार्यालय में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। छह अप्रैल को पार्टी ध्वज फहराया जाएगा। जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी व कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर भी पार्टी का ध्वज लगाएंगे। पार्टी की विचारधारा, विकास यात्रा और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संगोष्ठी होगी। कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक ले जाकर व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। महानगर अध्यक्ष ने बताया कि सात से 12 अप्रैल तक स्वच्छता अभियान, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान और लाभार्थी संपर्क अभियान जैसे कार्यक्रम चलाए जाएंगे। बैठक में अभिषेक मिश्र, डॉ.बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, अभियान संयोजक बाल कृष्ण वैश्य, शैलेन्द्र कोरी, स्वामी परमानंद मिश्रसहित अन्य लोग थे।

# आज से खुलेंगे जिले के स्कूल, लौटेगी रौनक

**अयोध्या कार्यालय**

- नए सत्र में बच्चों के स्वागत को स्कूलों ने की तैयारी

**अमृत विचार:** नए सत्र में जिले के स्कूल बुधवार से शुरू हो रहे हैं। नई क्लास, नई किताबें और नए शिक्षक। अगली कक्षा में जाने वाले बच्चों का स्कूल के प्रति आकर्षण की जिज्ञासा को स्कूल खुलते ही विराम लगेगा। बच्चों के स्वागत के लिए कुछ स्कूलों ने तैयारी भी कर ली है। उधर प्रदेश सरकार ने स्कूलों के खुलने का समय लगभग साढ़े सात बजे तय किया है ताकि बच्चे गर्मी में सुबह ठंडी हवा का अनुभव करते हुए स्वच्छ वातावरण में स्कूल जाएं।

नए सत्र में बच्चों को भय मुक्त व स्वच्छ वातावरण में शिक्षित करने का विद्यालयों ने बीड़ा उठाया है। इसी क्रम में स्कूल चलो अभियान के तहत बच्चों को अधिक से अधिक संख्या में विद्यालय आने के लिए प्रेरित करने का भी विद्यालयों ने बीड़ा उठाया है। पीडी पांडेय इंटर कॉलेज सोनैसा के प्रधानाचार्य संजीव चतुर्वेदी ने बताया कि नए सत्र में बच्चों को स्कूल आने पर उनका स्वागत किया जाएगा। उसके बाद निःशुल्क किताबें उपलब्ध कराई जाएंगी। साथ ही गरीब बच्चों को विद्यालय स्तर पर कॉपी प्रदान की जाएगी। बच्चे साफ सुथरे, नवीन परिधान और जूता-मोजा पहनकर सुसज्जित होकर स्कूल आएं इसलिए उन्हें सरकारी छात्रवृत्ति का पैसा उनके खाते में दिलाया जाएगा।

### सुबह साढ़े सात बजे से होगा स्कूल



उत्तर प्रदेश सरकार ने ग्रीष्मकाल को ध्यान में रखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव किया है। एक अप्रैल से पूरे प्रदेश में माध्यमिक व बेसिक शिक्षा के स्कूल नए समय सारणी पर संचालित होंगे। माध्यमिक स्कूल सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर 1.30 बजे तक, बेसिक स्कूल (प्राथमिक व जूनियर) सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक चलेंगे।

### सीबीएसई स्कूल दो व छह से खुलेंगे

नए सत्र में जिले के सीबीएसई स्कूल दो व छह अप्रैल से शुरू होंगे। पंचकोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित कनक किड्स इंटरनेशनल स्कूल तथा अयोध्या बाईपास पर स्थित सरयू इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन डॉ. संजय तिवारी ने बताया कि उनके दोनों स्कूलों में नया सत्र दो अप्रैल से शुरू होगा। विद्यालय प्रशासन ने बेहतर शुभारंभ की पूरी तैयारियां कर ली हैं। उदया पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य जीवेन्द्र सिंह ने बताया कि नया सत्र छह अप्रैल से शुरू होगा। बच्चों का स्वागत करते हुए उन्हें भय मुक्त, स्वच्छ व शैक्षिक वातावरण प्रदान किया जाएगा।



शुजागंज बाजार में खाटू श्याम बाबा की निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालु।


### शोभायात्रा में उमड़े श्याम भक्त

**शुजागंज अयोध्या। अमृत विचार :** शुजागंज बाजार में प्रत्येक वर्ष की भांति मंगलवार को खाटू श्याम बाबा का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंदिर पक्का तालाब परिसर से सुबह हजारों श्याम भक्तों ने खाटू श्याम बाबा जयकारा लगाते हुए निशान यात्रा निकाली गई। पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि इस बार भव्य श्याम कीर्तन का आयोजन किया गया है। खाटू श्याम बाबा का भव्य दरबार लगाकर छप्पन भोग प्रसाद व आरती के बाद प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएगा। निशान यात्रा में पवन कुमार गुप्ता, राहुल कुमार, शुभम, हिमांशु, संतोष आदि लोग मौजूद रहे।

84 कोसी परिक्रमा | लगाए मजिस्ट्रेट, सुरक्षा के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर निर्देश जारी

# कल मखौड़ा पहुंचेंगे श्रद्धालु, तीन को शुरू होगी परिक्रमा

**अयोध्या कार्यालय**




जारी परिक्रमा पथ का चित्र।

**अमृत विचार:** अयोध्या धाम की 84 कोसी परिक्रमा को लेकर प्रशासन और संचालकों ने तैयारी शुरू कर दी है। परिक्रमा मखौड़ा धाम से शुरू होगी। श्रद्धालुओं का जत्था दो अप्रैल को अयोध्या धाम परिक्रमा शुरू करने के लिए मखभूमि मखौड़ा पहुंचेंगा। परिक्रमा को लेकर प्रशासन ने मजिस्ट्रेटों की तैनाती के साथ मार्ग पर सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधा दिए जाने के लिए निर्देश जारी किया गया है।

रात्रि विश्राम के बाद श्रद्धालु पूजन अर्चन के साथ तीन अप्रैल से मखभूमि से अपनी यात्रा प्रारंभ करेंगे। परिक्रमा मुख्यतः दो जत्थों में शामिल संत-महंत और श्रद्धालु शामिल होंगे। इनमें एक महंथ गयादास के नेतृत्व में और दूसरी विहिप के सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में। एक तीसरे से व्यक्ति से भी यात्री की चर्चा है। यह यात्रा 24 अप्रैल को अयोध्या के सरयू तट पर पहुंचेगी। 24 दिनों तक यह यात्रा अयोध्या, अंबेडकरनगर, बाराबंकी, गोंडा के विभिन्न स्थानों से होते हुए फिर मखभूमि बस्ती पहुंचेगी। वहां से अयोध्या पहुंचने के बाद राम कोट की परिक्रमा और सीताकुंड अयोध्या में भंडारे का आयोजन होगा।

जिला प्रशासन ने परिक्रमा को लेकर मजिस्ट्रेटों को लगाया है। सभी पांच उपजिला मजिस्ट्रेटों को परिक्रमा क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही एसएसपी को पत्र भेजकर परिक्रमा करने वालों की सुरक्षा व्यवस्था का निर्देश दिया गया है। सभी नगर निकायों के अधिशाषी अधिकारियों और जिला पंचायत पंचायत राज अधिकारी को अपने क्षेत्रों में साफ-सफाई, चूना छिड़काव, प्रकाश और सभी विश्राम स्थलों पर टैंकर के माध्यम से शुद्ध पेयजल और उपलब्ध का निर्देश प्रशासन ने दिया है। मार्गों और विश्राम स्थलों को देखकर व्यवस्था के साथ स्वास्थ्य विभाग को एंबुलेंस सहित अन्य व्यवस्थाओं का निर्देश जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे की ओर से जारी किया गया है।

### कुलपति की गुजरात विवि तैनाती अफवाहों पर विवि प्रशासन भड़का

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह को लेकर सोशल मीडिया पर वायरल एक कथित सूचना को लेकर अवध विश्वविद्यालय प्रशासन भड़क गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने ऐसी सूचनाओं को भ्रामक बताते हुए न केवल सिरे से खारिज किया है बल्कि कुलपति और विश्वविद्यालय की छवि खराब किए जाने की साजिश बताया है। कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने ऐसी सूचना प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी है। अवध विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से मंगलवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के संबंध में पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह की नियुक्ति अन्य राज्य के केंद्रीय विश्वविद्यालय में होने की भ्रामक सूचना प्रसारित की जा रही है। जो पूरी तरह से असत्य और तथ्यों से परे है। कुलसचिव विनय कुमार सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया पर इस प्रकार की चल रही सूचनाओं का कोई आधार नहीं है। इस प्रकार की भ्रामक एवं तथ्य विहीन समाचार से जनमानस एवं विश्वविद्यालय परिवार को सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन देख रहा है कि यह कहां से कौन कर रहा इसे लेकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### विद्यालय के विकास में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण : वर्मा

- बोले, भवदीय स्कूल के अध्यक्ष, मेधावी बच्चों व शिक्षकों को किया सम्मानित

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। संस्था का पूर्ण दायित्व शिक्षकों पर होता है। शिक्षक ही विद्यार्थी जीवन के सारथी होते हैं, इसलिए सभी विद्यालय के प्रति समर्पण की भावना से कार्य करें। ये बातें मंगलवार को भवदीय पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष इंजी. पीएन वर्मा ने कहीं। वह स्कूल परिसर में आयोजित वार्षिक पुरस्कार वितरण व सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। उप प्रमुख छात्र दिव्यांश पाण्डेय ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। इसके बाद कक्षा छह से नौ व 11 के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार वितरित किए गए, जिनमें शतप्रतिशत उपस्थिति पुरस्कार, नेतृत्व उत्कृष्टता पुरस्कार, कलात्मक उत्कृष्टता पुरस्कार, शैक्षणिक प्रगति पुरस्कार, सकारात्मक आचरण पुरस्कार तथा युवा फिल्म निर्माता पुरस्कार शामिल रहे। कार्यक्रम में "बटोहिया गीत" पर समूह गान प्रस्तुत किया गया, जिसने उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। लोक-नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में शिक्षक विनायक त्रिपाठी, प्रितेश पॉल एवं शिक्षिका दीप्ति चौधरी व फराह फातिमा को विभिन्न श्रेणियां में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक डॉ. अवधेश वर्मा द्वारा सभी शिक्षकों एवं छात्रों की सराहना करते हुए अपने आशीर्वचनों से अभिसिंचित किया। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन, विद्यालय गीत के साथ हुआ।



सम्मानित मेधावी बच्चों के साथ भवदीय स्कूल के अध्यक्ष व प्रबंधक।

## हत्या में दो दोषियों को उम्रकैद

**विधि संवाददाता, सुलतानपुर।** रिटायर्ड पीएसी जवान और उसके पुत्र की हत्या के मामले में जिला जज सुनील कुमार की अदालत ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए दो दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 85-85 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी निर्देश दिया कि अर्थदंड की राशि में से डेढ़ लाख रुपये मृतक हरिनारायण सिंह की पत्नी को बतौर क्षतिपूर्ति दिए जाएं। एडीजीसी मनोज दुबे के अनुसार, 3 मार्च 2010 की शाम करीब सात बजे जयसिंहपुर क्षेत्र के गुड्डुरपुर सागर उमर का पुरवा के पास रिटायर्ड पीएसी जवान हरिनारायण सिंह और उनके पुत्र संदीप की अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी, जबकि झिनकू यादव गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मामले में वादी शिवशंकर सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ था, जो बाद में स्वयं आरोपी बना दिया गया। ट्रायल के दौरान शिवशंकर सिंह व एक अन्य आरोपी की मृत्यु हो चुकी है।

## किशोरी के हत्या के दोषी को उम्रकैद

**सुलतानपुर।** गौरीगंज थानाक्षेत्र के एक गांव में 10 साल पूर्व किशोरी की हत्या करने के मामले में दोषसिद्ध आरोपी रमेश यादव को जेल से तलब कर मंगलवार को पॉक्सो कोर्ट जज नीरज श्रीवास्तव ने आजीवन कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। कोर्ट ने दोषी पर 20 हजार रुपए अर्थदण्ड भी लगाया है। अभियोजन पक्ष से एडीजीसी रवीन्द्र सिंह के मुताबिक दोषी ने पीड़िता के साथ 2 अक्टूबर वर्ष 2016 में दुष्कर्म का प्रयास किया तथा उसकी हत्या कर दी। पीड़िता के परिजन की तहरीर पर दर्ज हुए केस में पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की।

## दोषी को पॉक्सो कोर्ट ने सुनाई 7 साल की कैद

**सुलतानपुर।** थाना अमेठी के एक गांव में 15 साल पूर्व 16 वर्षीय नाबालिग किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म करने के दोषी इलियास को फास्ट ट्रैक कोर्ट कोर्ट न्यायाधीश राकेश की अदालत ने मंगलवार को 7 साल कारावास की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अदालत ने दोषी पर 15 हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया है। कोर्ट ने दोषी को पीड़िता के क्षतिपूर्ति के लिए अर्थदण्ड की सम्पूर्ण धनराशि बतौर क्षतिपूर्ति देने का आदेश भी दिया है।

## दिनदहाड़े जानलेवा हमले का प्रयास

**सुलतानपुर।** रायपुर फुलवारी निवासी पीड़ित घनश्याम सोनी ने कोतवाली नगर में प्रार्थनापत्र देकर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्रमा देवी के पुत्र समेत कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज करने की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि वह मुकदमे की पैरवी करने दीवानी आया तथा मुकदमे की रंजिश के चलते आरोपियों ने बीती 30 मार्च को दोपहर जिला पंचायत कार्यालय के सामने घेरकर असलहे के साथ जान से मारने की नीयत से हमला करने का प्रयास किया। वह किसी तरह जान बचाकर भागा और पुलिस को सूचना दी।

## दो आरोपी साक्ष्य के अभाव में बरी

**सुलतानपुर।** 38 वर्ष पुराने सीबीसीआईडी अभियोजन अधिकारी सुरेश चन्द्र अग्निहोत्री हत्याकांड में मंगलवार को अदालत ने अहम फैसला सुनाते हुए दोनों आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। यह निर्णय न्यायाधीश संध्या चौधरी की अदालत ने सुनाया। मामले में सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक इम्तियाज अहमद निवासी आसमा, थाना मड़ियाव (लखनऊ) तथा मोहम्मद हफीज निवासी नई बस्ती (बाराबंकी) पर आरोप तय थे।

## राम कथा में गूंजा त्याग-विनम्रता का संदेश



**सुलतानपुर।** जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के करिया बझना में श्री राम चरित मानस प्रचार समिति के तत्वावधान में आयोजित 40वें श्री राम यज्ञ एवं मानस सम्मेलन के प्रथम दिवस पर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। मानस सम्मेलन मे प्रतापगढ़ से पधारे मानस मधुकर डॉ. दिनेश त्रिपाठी ने अपनी ओजस्वी वाणी से भगवान राम, भरत और हनुमान के चरित्रों का भावपूर्ण वर्णन किया, जिससे श्रोता6 भावविभोर हो उठे। अंत में व्यास पीठ की आरती उतारी गई और भक्तों में प्रसाद वितरित किया गया। पं प्रदीप कुमार पांडेय ज्योतिषाचार्य, सुरेश दत्त पांडेय, श्याम नारायण पांडेय, सुनील मिश्रा, राजेश गुप्ता सहित सैकड़ों राम भक्त मौजूद रहे।

## जय श्रीराम जयघोष के साथ निकली पदयात्रा



**सुलतानपुर।** विश्व हिंदू परिषद प्रखंड कूरेभार के तत्वावधान में मंगलवार को एक पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा कूरेभार स्थित विधायक नगर चौराहे से प्रारंभ होकर श्रद्धा और भक्ति के साथ चंडीकन माता मंदिर तक निकाली गई। पदयात्रा में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालु, कार्यकर्ता और समाजसेवी शामिल हुए। पूरे मार्ग में जय श्रीराम के गगनभेदी उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम का नेतृत्व धर्मप्रसार प्रमुख बब्बन पांडेय ने किया, जबकि प्रखंड अध्यक्ष शीतला प्रसाद पांडेय ने इसे समाज में धार्मिक जागरूकता और सांस्कृतिक एकता को मजबूत करने वाला आयोजन बताया। समापन प्रखंड मंत्री लालजी तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनुराग उपाध्याय, डॉ. शरद वर्मा, अर्जुन पाल, ओमप्रकाश पांडेय सहित गणमान्य उपस्थित रहे।

## सीएचसी धनपतगंज में 'ट्रू-नॉट' मशीन शुरू, अब 2 घंटे में होगी टीबी जांच



**विंदेश्वरीगंज, सुलतानपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनपतगंज में सोमवार को अत्याधुनिक ट्रू-नॉट मशीन की शुरुआत की गई। अधीक्षक डॉ. अरुणेश सिंह की देखरेख में स्थापित इस मशीन से अब टीबी मरीजों की जांच रिपोर्ट मात्र दो घंटे में उपलब्ध हो सकेगी। इस मौके पर 24 मार्च 2026 से शुरू 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान की जानकारी भी दी गई। इसके तहत आशा कार्यकर्ता लोगों की घर-घर जाकर जांच करेंगी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

## स्मार्ट मीटर को लेकर पीएम को लिखा पत्र

**सुलतानपुर।** जिले में स्मार्टमीटर को लेकर बढ़ती शिकायतों के बीच कांग्रेस के पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष प्रत्याशी व अधिवक्ता वरुण मिश्रा ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर हस्तक्षेप की मांग की है। पत्र में मिश्रा ने कहा कि नए स्मार्टमीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं के बिजली बिल दोगुने-तिगुने तक बढ़ गए हैं, जिससे आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है।

## अब सीसीटीवी की नजर में गो आश्रय स्थल

**सुलतानपुर।** जिले में गोवंश संरक्षण को लेकर प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। अब सभी गो आश्रय स्थल सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में रहेंगे, जिससे उनकी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता लाई जा सके। जिले में कुल 50 गो आश्रय स्थल संचालित हैं, जिनमें से 5 की देखरेख नगर पालिका और नगर पंचायत कर रही हैं, जबकि 7 कांजी हाउस जिला पंचायत के अधीन हैं। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में 38 गो आश्रय स्थल ग्राम पंचायतों द्वारा संचालित किए जा रहे हैं। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि इस पहल से गोवंश की बेहतर देखभाल सुनिश्चित होगी।



## विद्यार्थी देश का भविष्य: तहसीलदार

**लंभुआ, सुलतानपुर।** आरपीएम पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक परीक्षा फल वितरण एवं सम्मान समारोह में तहसीलदार प्रांजल तिवारी ने छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं। प्रधानाचार्य सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। प्राथमिक व जूनियर वर्ग के टॉपर्स और उनके अभिभावकों को भी सम्मानित किया गया।

# प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही दिलाएंगे मिशन-2027 में जीतः धर्मपाल

### प्रशिक्षण महाअभियान को धार देने जुटा भाजपा संगठन

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय सुलतानपुर में काशी क्षेत्र के जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों एवं मंडल प्रशिक्षण प्रमुखों की महत्वपूर्ण समीक्षा एवं रणनीति बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

मुख्य अतिथि धर्मपाल सिंह ने स्पष्ट कहा कि मिशन-2027 की सफलता का आधार मजबूत, प्रशिक्षित और अनुशासित कार्यकर्ता ही होंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग केवल औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और अनुशासन को आत्मसात करने का सशक्त माध्यम है। बैठक का संचालन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमरनाथ यादव ने किया। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी के अनुसार बैठक में काशी क्षेत्र के 16 जनपदों के जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी एवं मंडल प्रशिक्षण प्रमुख शामिल हुए। बैठक में प्रमुख रूप से सुलतानपुर जिला प्रभारी मीना चौबे, अमेठी जिला प्रभारी शंकर गिरि, सुलतानपुर जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, अमेठी जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल, वाराणसी से हंसराज विश्वकर्मा, कौशांबी से धर्मराज मौर्य, गाजीपुर से ओम प्रकाश राय, प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, राकेश त्रिवेदी, नागेंद्र रघुवंशी सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## बस की टक्कर से घायल युवक की मौत

**भदैंया, सुलतानपुर।** कोतवाली देहात क्षेत्र में रोडवेज बस की टक्कर से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार किरता का पुरा (पाल्हनपुर) निवासी रवि कुमार शर्मा (32) शनिवार को अपने बीमार चाचा को देखने सुलतानपुर जिला मेडिकल कॉलेज गए थे। चाचा से मुलाकात के बाद वह पैदल घर लौट रहे थे, तभी शहर के भीतर पीछे से आ रही रोडवेज बस ने उन्हें टक्कर मार दी। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल जिला मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। लखनऊ में सोमवार देर शाम इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# टिकैत को नजरबंद किए जाने के विरोध में किसानों का प्रदर्शन



तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते किसान नेता। ● अमृत विचार

**लंभुआ, सुलतानपुर।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत को उड़ीसा में नजरबंद किए जाने के विरोध में लंभुआ में किसानों ने पैदल मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। किसानों ने कस्बे में मार्च करते हुए तहसील पहुंचकर तहसीलदार प्रांजल त्रिपाठी को प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष गिरीश पांडे, प्रदेश महासचिव आनंद सिंह उर्फ बंटी, जिला उपाध्यक्ष मजीद खान, देवब्रत श्रीवास्तव, तहसील अध्यक्ष अरविंद, बृजेश शर्मा, पिंकी, अख्तर समेत किसान मौजूद रहे।

# गो तस्करों का पुतला दहन



पुतला दहन करते समाजसेवी। ● अमृत विचार

**सुलतानपुर।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित पशुओं के अवैध कटान की घटना को लेकर जनाक्रोश फूट पड़ा। कटका बाजार में सैकड़ों लोगों ने एकत्र होकर आरोपियों का पुतला दहन किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व समाजसेवी डॉ. सौरभ मिश्र 'विनम्र' ने किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाएं न केवल कानून का उल्लंघन हैं, बल्कि समाज की भावनाओं को भी आहत करती हैं। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि जिन स्थानों से मांस के अवशेष मिले हैं, वहां से जुड़े आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए और बुलडोजर चलाकर अवैध ढांचों को ध्वस्त किया जाए।

## सड़क हादसे में घायल टैम्पू चालक की मौत

**अखंडनगर, सुलतानपुर।** पवई थाना क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे में घायल टैम्पू चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम बनबहासिरखिनपुर निवासी विनोद कुमार (46) रविवार को निरालानगर बाजार से सामान लेकर शाहगंज (जौनपुर) जा रहे थे। कलान-शाहगंज मार्ग पर खेमईपुर नहर, सिकंदरपुर के पास सामने से आ रही एक निजी बस ने उनके टैम्पू में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।


## कार्यालय नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा, जनपद- अयोध्या

पत्रांक: 690/न0पं0भ0/अन्त्येष्टि स्थल निर्माण 2025-26/ई-निविदा सूचना/2026 दिनांक:- 30 मार्च 2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण सूचना)**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विशेष सचिव, नगर विकास अनुभाग- 7 उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या 04/2025/4456/003-9-7099-195-2025 दिनांक 06 नवम्बर 2025 के द्वारा शहरी क्षेत्रों में ''अन्त्येष्टि स्थल विकास योजना'' के अन्तर्गत नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा जनपद अयोध्या में अन्त्येष्टि स्थल का निर्माण कराने हेतु निम्न विवरण के अनुसार ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो प्रदेश सरकार के ई-टेण्डरिंग पोर्टल https://etender.up.nic.in के माध्यम से अपलोड की जायेंगी। एक ई-निविदा अथवा समस्त ई-निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है। नियम व शर्तो की विस्तृत जानकारी ई-टेण्डरिंग पोर्टल https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

ई-निविदा डाउनलोड एवं अपलोड करने का विवरण निम्नवत् है-

| क्र0 | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा प्रपत्र डाउनलोड एवं अपलोड की प्रारम्भ तिथि व समय | 31.03.2026 | 16:00 बजे |
| 2 | ई-प्रोक्योरमेट के माध्यम से निविदा प्रपत्र डाउनलोड एवं अपलोड की अंतिम तिथि व समय | 09.04.2026 | 13:00 बजे |
| 3 | ई-निविदा खोलने की तिथि व समय | 09.04.2026 | 17:00 बजे |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत भरतकुण्ड भदरसा**
**अयोध्या**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत भरतकुण्ड मदरसा**
**अयोध्या**


# इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर व पुलिस कर्मी निलंबित

**संवाददाता, सुलतानपुर**

**अमृत विचारः** गोमांस तस्करी से जुड़े एक मामले ने पुलिस महकमे को कटघरे में खड़ा कर दिया है। गंभीर अनियमितताओं के आरोप में पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने निरीक्षक राम आशीष उपाध्याय, उप निरीक्षक अनिल यादव और हेड कांस्टेबल राघवेंद्र सिंह को निलंबित कर दिया है। आरोप है कि बरामद गोमांस को पुलिस रिकॉर्ड से गायब कर आरोपियों को लाभ पहुंचाया गया।

मामला गोसाईगंज थाना क्षेत्र के राजापुर बाजार का है, जहां रविवार रात हिंदू संगठन के सदस्यों ने गोवध की सूचना गोसाईगंज पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छापा मारकर बड़ी मात्रा में गोमांस, हथियार और वाहन बरामद किए। पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लिया और आठ लोगों के खिलाफ गोवध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया। गिरफ्तार कर आठ आरोपियों को न्यायालय भेजा था। हालांकि, घटनास्थल के वीडियो में भारी मात्रा में गोमांस दिखने के बावजूद पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में इसका उल्लेख नहीं किया। इसी खामी के चलते कोर्ट ने आरोपियों की रिमांड खारिज कर सभी आठों आरोपियों को रिहा कर दिया। इस घटनाक्रम से नाराज हिंदू संगठन ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत की। जांच में आरोप सही पाए जाने पर तीनों पुलिसकर्मियों पर गाज गिर गई। उल्लेखनीय है कि इंस्पेक्टर राम आशीष उपाध्याय पहले भी विवादों में रह चुके हैं और पूर्व में निलंबन झेल चुके हैं। सोमवार को निरीक्षक राम आशीष उपाध्याय को पुलिस अधीक्षक ने बल्दीराय थाने का प्रभार सौंपा था लेकिन चार्ज लेने से पहले निलंबन की कार्रवाई हो गई।

## पीड़ित परिजनों को मिली चार लाख की सहायता

**लंभुआ, सुलतानपुर।** धरियामऊ गांव में कुछ समय पूर्व लिंटर गिरने से हुई दर्दनाक घटना में दो सगे भाइयों की मौत के बाद अब परिवार को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत आर्थिक राहत मिली है। हादसे में आनंद और विक्रम की जान चली गई थी, जिससे परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था। दोनों मृतक सरकारी बीमा योजना से जुड़े थे। योजना के तहत नामित अभिभावक उनके पिता गिरिजा प्रसाद को बीमा क्लेम की राशि प्रदान की गई।


## ग्राम पंचायत दिलौरी,वि.खं. रानी की सराय,आजमगढ़।

पत्रांक- मेमो/2026-27 दिनांक 31.03.2026

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत द्वारा विकसित भारत वीबी जीरामजी (VB-G RAM JI)/5वां राजवित्त/छठवां राजवित्त/15वां केंद्रीय वित्त आयोग/ 16वां केंद्रीय वित्त आयोग/ग्राम स्वराज अभियान/ (SLWM/ पीजीआईएफ योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष स्वच्छ भारत मिशन (SBM)/आंगनबाड़ी केंद्र स्वच्छ शौचालय, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी-3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत-प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. टीनशेड, 17.स्ट्रीट लाइट एवं सोलर लाइट, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, एएनएम सेंटर, डिजिटल लाइब्रेरी, गौशाला, विद्यालय का कायाकल्प, बाउंड्रीवाल, व्यक्तिगत सोख्ता गड्ढा/खाद गड्ढा, लीच पिट, एसडीई पाइप, ट्री गार्ड, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी किट, भूषा-चोकर, कचरा पात्र, प्लास्टिक बैंक, यू टाइप नाली, खड़ंजा, पुलिया, दिशा सूचक बोर्ड, सीसी टीवी कैमरा, खेलकूद व्यायाम सामग्री, शो पीट, कम्पोज्ड पीट, नादेय, ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, स्वच्छता कीट, फील्टर चेम्बर, सील्ट केचर, प्लास्टिक पाइप, इन्सीनेटर (भष्मक), बारात घर, ओपेन जिम, चारागाह, अन्त्येष्टि स्थल आदि स्वच्छ भारत मिशन ग्राम पंचायत के अन्तर्गत समस्त कार्यो पर निर्माण कार्य/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2026 से 06.04.2026 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 06.04.2026 अपराह्न 4 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा खुलने की तिथि 07.04.2026 समय पूर्वाह्न 10.00 बजे।

**(मोहिनी तिवारी)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. दिलौरी, वि.ख.
रानी की सराय ,जनपद आजमगढ़।

**(वंदना निगम)**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. दिलौरी, वि.ख.
रानी की सराय ,जनपद आजमगढ़।

## ग्राम पंचायत सुराई,वि.खं. रानी की सराय,आजमगढ़।

पत्रांक- मेमो/2026-27 दिनांक 31.03.2026

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत द्वारा विकसित भारत वीबी जीरामजी (VB-G RAM JI)/5वां राजवित्त/छठवां राजवित्त/15वां केंद्रीय वित्त आयोग/ 16वां केंद्रीय वित्त आयोग/ग्राम स्वराज अभियान/ (SLWM/ पीजीआईएफ योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष स्वच्छ भारत मिशन (SBM)/आंगनबाड़ी केंद्र स्वच्छ शौचालय, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी-3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत-प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. टीनशेड, 17.स्ट्रीट लाइट एवं सोलर लाइट, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, एएनएम सेंटर, डिजिटल लाइब्रेरी, गौशाला, विद्यालय का कायाकल्प, बाउंड्रीवाल, व्यक्तिगत सोख्ता गड्ढा/खाद गड्ढा, लीच पिट, एसडीई पाइप, ट्री गार्ड, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी किट, भूषा-चोकर, कचरा पात्र, प्लास्टिक बैंक, यू टाइप नाली, खड़ंजा, पुलिया, दिशा सूचक बोर्ड, सीसी टीवी कैमरा, खेलकूद व्यायाम सामग्री, शो पीट, कम्पोज्ड पीट, नादेय, ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, स्वच्छता कीट, फील्टर चेम्बर, सील्ट केचर, प्लास्टिक पाइप, इन्सीनेटर (भष्मक), बारात घर, ओपेन जिम, चारागाह, अन्त्येष्टि स्थल आदि स्वच्छ भारत मिशन ग्राम पंचायत के अन्तर्गत समस्त कार्यो पर निर्माण कार्य/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2026 से 06.04.2026 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 06.04.2026 अपराह्न 4 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा खुलने की तिथि 07.04.2026 समय पूर्वाह्न 10.00 बजे।

**(विनोद कुमार)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. सुराई, वि.ख.
रानी की सराय ,जनपद आजमगढ़।

**(वंदना निगम)**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. सुराई, वि.ख.
रानी की सराय ,जनपद आजमगढ़।

## ग्राम पंचायत गन्धुवई, वि.खं. रानी की सराय,आजमगढ़।

पत्रांक- मेमो/2026-27 दिनांक 31.03.2026

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत द्वारा विकसित भारत वीबी जीरामजी (VB-G RAM JI)/5वां राजवित्त/छठवां राजवित्त/15वां केंद्रीय वित्त आयोग/ 16वां केंद्रीय वित्त आयोग/ग्राम स्वराज अभियान/ (SLWM/ पीजीआईएफ योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष स्वच्छ भारत मिशन (SBM)/आंगनबाड़ी केंद्र स्वच्छ शौचालय, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी-3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत-प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. टीनशेड, 17.स्ट्रीट लाइट एवं सोलर लाइट, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, एएनएम सेंटर, डिजिटल लाइब्रेरी, गौशाला, विद्यालय का कायाकल्प, बाउंड्रीवाल, व्यक्तिगत सोख्ता गड्ढा/खाद गड्ढा, लीच पिट, एसडीई पाइप, ट्री गार्ड, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी किट, भूषा-चोकर, कचरा पात्र, प्लास्टिक बैंक, यू टाइप नाली, खड़ंजा, पुलिया, दिशा सूचक बोर्ड, सीसी टीवी कैमरा, खेलकूद व्यायाम सामग्री, शो पीट, कम्पोज्ड पीट, नादेय, ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, स्वच्छता कीट, फील्टर चेम्बर, सील्ट केचर, प्लास्टिक पाइप, इन्सीनेटर (भष्मक), बारात घर, ओपेन जिम, चारागाह, अन्त्येष्टि स्थल आदि स्वच्छ भारत मिशन ग्राम पंचायत के अन्तर्गत समस्त कार्यो पर निर्माण कार्य/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2026 से 06.04.2026 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 06.04.2026 अपराह्न 4 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा खुलने की तिथि 07.04.2026 समय पूर्वाह्न 10.00 बजे।

**(दयाराम यादव)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. गन्धुवई, वि.ख. रानी की
सराय,जनपद आजमगढ़।

**(वंदना निगम)**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. गन्धुवई, वि.ख. रानी की
सराय,जनपद आजमगढ़।

## ग्राम पंचायत मैनपारपुर,वि.खं. रानी की सराय,आजमगढ़।

पत्रांक- मेमो/2026-27 दिनांक 31.03.2026

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत द्वारा विकसित भारत वीबी जीरामजी (VB-G RAM JI)/5वां राजवित्त/छठवां राजवित्त/15वां केंद्रीय वित्त आयोग/ 16वां केंद्रीय वित्त आयोग/ग्राम स्वराज अभियान/ (SLWM/ पीजीआईएफ योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष स्वच्छ भारत मिशन (SBM)/आंगनबाड़ी केंद्र स्वच्छ शौचालय, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी-3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत-प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. टीनशेड, 17.स्ट्रीट लाइट एवं सोलर लाइट, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, एएनएम सेंटर, डिजिटल लाइब्रेरी, गौशाला, विद्यालय का कायाकल्प, बाउंड्रीवाल, व्यक्तिगत सोख्ता गड्ढा/खाद गड्ढा, लीच पिट, एसडीई पाइप, ट्री गार्ड, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी किट, भूषा-चोकर, कचरा पात्र, प्लास्टिक बैंक, यू टाइप नाली, खड़ंजा, पुलिया, दिशा सूचक बोर्ड, सीसी टीवी कैमरा, खेलकूद व्यायाम सामग्री, शो पीट, कम्पोज्ड पीट, नादेय, ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, स्वच्छता कीट, फील्टर चेम्बर, सील्ट केचर, प्लास्टिक पाइप, इन्सीनेटर (भष्मक), बारात घर, ओपेन जिम, चारागाह, अन्त्येष्टि स्थल आदि स्वच्छ भारत मिशन ग्राम पंचायत के अन्तर्गत समस्त कार्यो पर निर्माण कार्य/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2026 से 06.04.2026 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 06.04.2026 अपराह्न 4 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा खुलने की तिथि 07.04.2026 समय पूर्वाह्न 10.00 बजे।

**(चन्द्रधारी यादव)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. मैनपारपुर, वि.ख. रानी की
सराय,जनपद आजमगढ़।

**(वंदना निगम)**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. मैनपारपुर, वि.ख. रानी की
सराय,जनपद आजमगढ़।

## ग्राम पंचायत शेषपुर ,वि.खं. रानी की सराय,आजमगढ़।

पत्रांक- मेमो/2026-27 दिनांक 31.03.2026

**निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2026-27 में ग्राम पंचायत द्वारा विकसित भारत वीबी जीरामजी (VB-G RAM JI)/5वां राजवित्त/छठवां राजवित्त/15वां केंद्रीय वित्त आयोग/ 16वां केंद्रीय वित्त आयोग/ग्राम स्वराज अभियान/ (SLWM/ पीजीआईएफ योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि के सापेक्ष स्वच्छ भारत मिशन (SBM)/आंगनबाड़ी केंद्र स्वच्छ शौचालय, पंचायत भवन, सामुदायिक शौचालय एवं अन्य मदों/योजना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिए स्थल पर निम्नलिखित सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का विवरण निम्नलिखित है। 1.ईंट 150 एमएम प्रथम श्रेणी प्रति हजार, 2.सीमेंट प्रति बैग, 3. महीन बालू/सफेद बालू प्रतिघन मीटर, 4. स्टोन ब्लास्ट (पत्थर गिट्टी) 224 एमएम से 53 एमएम अलग-अलग प्रति घनमीटर, 5. सरिया प्रति कुंतल, 6. एस्वेट्स सीट, पैनसीट, दरवाजा, टाइल्स प्रति कुंतल/प्रति नग, 7. ह्यूम पाइप 300, 350, 450, 600, 900 एमएमपी-3 प्रति नग, 8. सोलर लाइट प्रति नग, 9. ईंटर लाकिंग ईंट 200 गुणे 160 गुणे 80 एमएम प्रति हजार, 10. पटिया जीआई पाइप पी.बी.सी. पाइप, साकेत-प्रति नग, 11. मोटा बालू प्रति घनमीटर, 12. ईंट गिट्टी 200 एमएम/40 एमएम प्रति घनमीटर, 13. हैंडपम्प सामग्री इंडिया मार्का, हैण्डपम्प रिबोर/मरम्मत प्रति नग 14. साइन बोर्ड व अन्य सामग्री प्रति नग, 15. चूना ब्लीचिंग पाउडर, पेंट, डिस्टेम्बर प्रति किग्रा, 16. टीनशेड, 17.स्ट्रीट लाइट एवं सोलर लाइट, कुर्सी, कम्पयूटर, पेन्ट, प्राइमर, पुट्टी, समर्सिबल पम्प, दरवाजा, मशीन कचरा ढोने वाली गाड़ी, लोहे का ठेला, एएनएम सेंटर, डिजिटल लाइब्रेरी, गौशाला, विद्यालय का कायाकल्प, बाउंड्रीवाल, व्यक्तिगत सोख्ता गड्ढा/खाद गड्ढा, लीच पिट, एसडीई पाइप, ट्री गार्ड, दवा छिड़कने की मशीन, सफाई कर्मी किट, भूषा-चोकर, कचरा पात्र, प्लास्टिक बैंक, यू टाइप नाली, खड़ंजा, पुलिया, दिशा सूचक बोर्ड, सीसी टीवी कैमरा, खेलकूद व्यायाम सामग्री, शो पीट, कम्पोज्ड पीट, नादेय, ठेला गाड़ी, ई-रिक्शा, स्वच्छता कीट, फील्टर चेम्बर, सील्ट केचर, प्लास्टिक पाइप, इन्सीनेटर (भष्मक), बारात घर, ओपेन जिम, चारागाह, अन्त्येष्टि स्थल आदि स्वच्छ भारत मिशन ग्राम पंचायत के अन्तर्गत समस्त कार्यो पर निर्माण कार्य/प्रतिबंध एवं शर्तें ग्राम पंचायत के कार्यालय पर उपलब्ध है तथा ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्यों की सूची ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है तथा निविदादाता प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा डालने हेतु स्वतंत्र है।

इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 01.04.2026 से 06.04.2026 तक अपनी दरें लेटर पैड पर संलग्न लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 06.04.2026 अपराह्न 4 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त निविदा को अस्वीकार कर दिया जायेगा यदि खुलने की तिथि पर कोई अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस पर खोली जायेगी। नियम व शर्तें ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा खुलने की तिथि 07.04.2026 समय पूर्वाह्न 10.00 बजे।

**(श्रीमती कुसुम)**
ग्राम प्रधान
ग्रा.पं. शेषपुर, वि.ख.
रानी की सराय ,जनपद आजमगढ़।

**(वंदना निगम)**
ग्रा.पं.अ./ग्रा.वि.अ./सचिव
ग्रा.पं. शेषपुर, वि.ख.
रानी की सराय ,जनपद आजमगढ़।

# 63493 छात्र-छात्राओं को मिली 70.27 करोड़ की छात्रवृत्ति

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छात्रों के खातों में भेजी छात्रवृत्ति की धनराशि

सौगात

संवाददाता, गोंडा



एलबीएस कालेज में आयोजित समारोह में मौजूद जिला समाज कल्याण अधिकारी व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पूर्वदशम व दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार ने जिले के 63,493 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति की सौगात दी है। सोमवार को लखनऊ में आयोजित एक समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन छात्र छात्राओं के बैंक खातों में 70.27 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति धनराशि अंतरित की।

श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। यहां जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी तथा जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की मौजूदगी में छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि दशमोत्तर (उच्च शिक्षा) छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत जनपद में विभिन्न वर्गों के छात्रों के खातों में बड़ी धनराशि अंतरित की गई। जिसमें सामान्य वर्ग के 26,026 छात्रों को 2943.59 लाख, अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के 8,506 छात्रों को 465.20 लाख, अन्य पिछड़ा वर्ग के 25,570 छात्रों को 3195.68 लाख व अल्पसंख्यक वर्ग के 3,391 छात्रों को 423.12 लाख रुपये की छात्रवृत्ति वितरित की गयी है। सभी वर्गों के कुल 63,493 छात्र-छात्राओं के खातों में 70.27 करोड़ रुपये की छात्रवृत्ति धनराशि सीधे अंतरित की गई है। उन्होने कहा कि छात्रवृत्ति की धनराशि सीधे आधार सीडेड बैंक खातों में पहुंचने से वितरण प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है। धनराशि मिलने से छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में खुशी का माहौल है। शिक्षा से जुड़े लोगों का कहना है कि इस तरह की योजनाएं आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों के लिए उच्च शिक्षा की राह आसान बनाती हैं।

# पूर्व सपा विधायक के ईंट भट्ठे पर चला बुलडोजर



पूर्व विधायक के ईंट भट्ठे पर जेसीबी लगाकर नष्ट की गयीं ईंटें।

● बिना रायल्टी संचालित किया जा रहा था ईंट भट्ठा

**गोंडा, अमृत विचार :** बलरामपुर सदर से सपा के विधायक रहे जगराम पासवान के दो ईंट भट्ठों पर खनन विभाग ने सोमवार शाम बड़ी कार्रवाई की। खनन निरीक्षक की अगुवाई में पहुंची टीम ने बुलडोजर लगाकर पाथी गई हजारों ईंटों को नष्ट करा दिया। पूर्व विधायक के अलावा एक अन्य ईंट भट्ठे पर भी कच्ची ईंटों को नष्ट कराया गया।

बताया जा रहा है कि बिना रायल्टी जमा किए इन ईंट भट्ठों का संचालन किया जा रहा था। खनन विभाग ने सभी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। बलरामपुर सदर से समाजवादी पार्टी के विधायक रहे जगराम पासवान का धानेपुर क्षेत्र के राजापुर में स्थित जेआर ब्रिक फील्ड नाम का ईंट भट्ठा लंबे समय से संचालित हो रहा था। यह भट्ठा पूर्व विधायक की पत्नी सुनीता पासवान के नाम पर है। जांच में पाया गया कि रॉयल्टी जमा किए बिना भट्ठा संचालित किया जा रहा था। इसके बाद खान निरीक्षक अभय रंजन के नेतृत्व में प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी से तैयार की जा रही कच्ची ईंटों को नष्ट करा दिया। पूर्व विधायक के पिता के नाम पर संचालित बाबूराम उग्गर भट्ठे पर भी टीम ने कच्ची ईंटें नष्ट कराया। यह भट्ठा पूर्व विधायक के भाई पप्पू पासवान संचालित कर रहे थे। हिंद ब्रिक फील्ड ईंट भट्ठे पर भी कार्रवाई की गयी। खान निरीक्षक अभय रंजन ने बताया कि सभी ईंट भट्ठे बिना रायल्टी जमा किए संचालित किए जा रहे थे। सभी से जवाब मांगा गया है।

**बेरोजगार हुए श्रमिक :** तीन ईंट भट्ठों पर हुई कार्रवाई के बाद सैकड़ों श्रमिक बेरोजगार हो गए। श्रमिकों का कहना है कि कार्रवाई करनी थी तो भट्ठा मालिकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी जाती।

# पंचायत चुनाव को लेकर संगठन तैयार: आशीष पटेल



कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने संगठनात्मक मजबूती, पंचायत चुनाव की तैयारियों और समसामयिक मुद्दों पर चर्चा की। मंगलवार को सर्किट हाउस में आयोजित बैठक में उन्होंने विभागीय अधिकारियों व पार्टी पदाधिकारियों के साथ मंथन किया और आगामी चुनावों को लेकर सक्रिय होने के निर्देश दिए।

मंत्री ने कहा कि पंचायत चुनाव को लेकर पार्टी पूरी तरह तैयार है। हालांकि, चुनाव गठबंधन में लड़ा जाएगा या अकेले, इस पर अभी अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। इस दौरान ममता बनर्जी के उस बयान पर भी उन्होंने प्रतिक्रिया दी, जिसमें भाजपा सरकार आने पर मांस-मछली पर रोक की बात कही गई थी। मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में किसी को भी खान-पान को लेकर रोका नहीं गया है और न ही भविष्य में ऐसी कोई मंशा है। वहीं, योगी आदित्यनाथ पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में मौलाना की गिरफ्तारी के सवाल पर उन्होंने कहा कि वैमनस्य फैलाने वाले बयानों पर कार्रवाई जरूरी है। फिल्म धुरंधर 2 में दिखाए गए जाली नोट कनेक्शन के सवाल पर मंत्री ने कहा कि जाली नोटों का नेटवर्क चिंता का विषय है। सरकार इस प्रकार की राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है।

# बिसुही नदी पर बनेगा तीन लेन का पुल

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचारर :** बिसुही नदी पर तीन लेन का पुल बनेगा। इसकी स्वीकृति शासन से मिलते ही लोगों में खुशी छा गई। पुल निर्माण के लिए पिछले 15 साल से लोग मांग कर रहे थे।

सपा शासनकाल में गोंडा-बलरामपुर सड़क का निर्माण कराया गया था। सड़क पर जर्जर एक लेन के पुल से आवागमन होने के कारण लोगों को जाम से जूझना पड़ रहा था। कुछ दिन पहले छात्र पंचायत संगठन के कार्यकर्ताओं ने एक माह तक आंदोलन चलाया था। स्थानीय लोगों ने कई बार आंदोलन चलाया था। इस अवसर पर जिला प्रतिनिधि भाजपा सत्यव्रत छोटू ओझा, कृपा शंकर शुक्ला, दिलीप वर्मा, अजय राठौर, रघुनंदन पांडेय, रामनाथ मौर्या, ज्ञानेश्वर मिश्रा, विपिन पांडेय, भरत राम पांडेय उपस्थित रहे।

# टीईटी के खिलाफ 13 को सड़क पर उतरेंगे शिक्षक

**गोंडा, अमृत विचार :** अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के बैनर तले मंगलवार को जिले के लगभग दर्जनों शिक्षक संगठनों की बैठक हुई। इसमें प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर शिक्षक पात्रता परीक्षा से जुड़े मुद्दे पर 13 अप्रैल को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन की रणनीति तैयार की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शरद सिंह और शिक्षक संघर्ष समिति के संयोजक सतीश पांडेय ने कहा कि 13 अप्रैल को पूरे देश के शिक्षक अपने जिला मुख्यालयों पर आंदोलन करेंगे। उ.प्र.जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष किरण सिंह और अटेवा के जिलाध्यक्ष अमर यादव ने कहा कि देश में शिक्षकों का उत्पीड़न किया जा रहा है। टीएससीटी के जिला संयोजक रणजीत सिंह और मृतक आश्रित शिक्षक संघ के अंकित सिंह ने कहा कि शिक्षक एकजुट है। इस दौरान दिलीप कुमार, गौरव पांडेय, पवन सिंह, मुशीर सिद्दीकी, उमेश मिश्र, आजाद बेग, अनूप सिंह, परवेज आलम, संजीव मिश्र व अन्य वक्ताओं ने शिक्षकों से आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया।बैठक में प्राशिसं के जनपदीय मंत्री आशीष द्विवेदी, देवेन्द्र प्रताप सिंह, रवींद्र मिश्रा, जिला संरक्षक अरुण प्रकाश वर्मा समेत जगदम्बा प्रसाद, विशाल वर्मा, रामकरन यादव, बृजेश वर्मा, मोहित प्रकाश सिंह, बलजीत वर्मा, शिवचंद्र वर्मा, शिवकुमार, शरद शुक्ला, भजनलाल, सोनू भारती, शिवचंद पाठक, कृष्णकांत सोनी, अखिलेश कुमार, सुरेन्द्र रजक, गौरव सिंह, अनूप तिवारी, देवेन्द्र सिंह, सन्तराम वर्मा, कमलेश नारायण, शिव वर्मा, अनिल सिंह सहित विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सांड़ से बचने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित चालक की मौत

**गोंडा, अमृत विचार :** गोंडा-बेलसर मार्ग पर हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। घटना कोतवाली देहात के लौवा टेपरा के पास पक्की सड़क पर हुई, जहां अचानक सड़क पर सांड़ आ जाने से बाइक चालक अनियंत्रित होकर गिर पड़ा। तिलक राम निवासी भीरवा, थाना हरदी, बहराइच टाइल्स लगाने का कार्य करते थे, गोंडा से बेलसर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक एक सांड़ सामने आ गया, जिससे बचने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर पड़े। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। कोतवाल देहात शमशेर बहादुर सिंह ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# कई शिक्षक रिटायर, किये गये सम्मानित

**गोंडा, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग में सेवाएं देने वाले शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने पर विभिन्न विद्यालयों में सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी गई।

झंझरी शिक्षा क्षेत्र के कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय खोरहसा प्रथम की प्रधानाध्यापिका मुन्नी सिंह विसेन तथा सहायक अध्यापिका तहसीन बानो ने 41 वर्ष की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्ति प्राप्त की। सेवानिवृत्ति के अवसर पर विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उन्हें माल्यार्पण कर, स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यालय परिवार के सदस्य सैयद इरफान मोईन, शहनाज बेगम, अफरोज बेगम, सैयद साजिद हुसैन, दिनेश कुमार पांडेय, अशोक कुमार पांडेय, सैयद हाशमी, इरशाद अली, अजहरी खालिद, रजा बेग, शबनूर, काजमी फहमीदा आदि मौजूद थीं। परसपुर क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय खजूरी निधि के प्रधानाध्यापक वेद प्रकाश सिंह, उच्च प्राथमिक विद्यालय जानकी नगर के सहायक अध्यापक रंजीत मिश्रा तथा कंपोजिट विद्यालय कंडरुडीहा के सहायक अध्यापक ओम प्रकाश सिंह भी सेवानिवृत्त हो गए। उनके सम्मान में भी शिक्षकों व कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दीं। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष इंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि शिक्षक संघ उनके हितों के संरक्षण के लिए सदैव तत्पर रहेगा।

## प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार सिंह सेवानिवृत्त



दिनेश कुमार सिंह को किया गया सम्मानित।

**करनैलगंज, अमृत विचार :** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय में प्रधानाध्यापक दिनेश कुमार सिंह के सेवानिवृत्त होने पर मंगलवार को विदाई समारोह आयोजित किया गया। वक्ताओं ने बताया कि दिनेश कुमार सिंह की पहली नियुक्ति वर्ष 1985 में मुंडेरवा के कन्या प्राथमिक विद्यालय में हुई थी। उन्होंने विभिन्न विद्यालयों में सेवाएं दीं। ब्लॉक संसाधन केंद्र में 13 वर्षों तक कार्य करने के पश्चात वर्ष 2013 में कंपोजिट विद्यालय करनैलगंज में प्रधानाध्यापक का कार्यभार संभाला। इस दौरान नीतू सिंह, सानिया सिद्दीकी, मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाध्यापक शांति लाल त्रिवेदी समेत चितरंजन त्रिपाठी, गोसिया, फरहत जहां, शिल्पी मौर्य, शालू श्रीवास्तव, आरती निषाद, मिथलेश शर्मा, प्रदीप मौर्य, मनुवा त्रिपाठी, राजेश यादव, सर्वजीत कुमार, विमल शुक्ला, तेज बहादुर सिंह, कृपाराम, मुहम्मद सईद, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, रामकुमार मिश्रा, राजेश गौड़, देवेंद्र कुमार सिंह, विपिन सिंह, मनोज पांडे आदि मौजूद रहे।

# खुले नाले में गिरा बाइक सवार युवक

**गोंडा, अमृत विचार :** नगर पालिका की लापरवाही एक बार फिर सामने आई है, जहां वर्षों पहले बनाए गए नाले को खुला छोड़ दिया गया है। इसी लापरवाही के चलते मंगलवार देर शाम बड़ा हादसा होते-होते टल गया। कोतवाली देहात के लुवाई निवासी अखिलेश साथी के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। बलवंत पुरवा के पास बाइक अनियंत्रित हो गई और वह खुले नाले में जा गिरी। साथी सड़क पर गिर गया। लोगों ने युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। गनीमत रही कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई, लेकिन घटना ने नगर पालिका की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह नाला काफी समय से खुला पड़ा है और कई बार शिकायत करने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# मुठभेड़ में इनामी बदमाश गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**गोंडा, अमृत विचार :** कोतवाली कर्नलगंज पुलिस, एसओजी व सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई में 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ में बदमाश के पैर में गोली लगी है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक तमंचा, कारतूस, एक बाइक और 22 हजार रुपये नकद बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार बीते 19 फरवरी को थाना कोतवाली कर्नलगंज क्षेत्र के सोनहरा जियापुरवा निवासी अंकुश तिवारी ने तहरीर देकर बताया था कि वह अपनी मां के साथ बाइक से एक विवाह कार्यक्रम में जा रहे थे। चकरौत बाजार से करीब एक किमी पहले पल्सर बाइक सवार दो बदमाशों ने उनकी मां के कान की झुमकी झपट्टा मारकर लूट ली थी। झपट्टामारी में उनकी मां का कान फट गया था। एसपी विनीत जायसवाल ने चार पुलिस टीमों का गठन कर एसओजी/सर्विलांस को भी खुलासे में लगाया गया। 27 मार्च को एक बदमाश विवेक पाण्डेय को गिरफ्तार किया गया। फरार साथी अमित तिवारी उर्फ घुरले की तलाश तेज कर दी गई। एसपी ने उस पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था। एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि सोमवार को सूचना मिली कि अमित बाइक से नारायणपुर मांझा की ओर आ रहा है। पुलिस ने उसे पकड़ने का प्रयास किया। पुलिस के मुताबिक, खुद को घिरता देख बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षार्थ पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें अमित तिवारी के पैर में गोली लग गई।

कार्यक्रम

विभिन्न विद्यालयों में छात्रों को वितरित किया गया परीक्षाफल, मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

# छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोह लिया मन



समारोह का फीता काटकर उद्घाटन करते देवीपाटन मंडल आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील, साथ में स्कूल प्रबंधक अमित पांडेय। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** रोजवुड इंटर कॉलेज का वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह सोमवार की शाम विद्यालय की नई शाखा रोजवुड इंटरनेशनल स्कूल बालपुर जाट में आयोजित किया गया। 200 छात्र-छात्राओं ने छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि देवीपाटन मंडल के कमिश्नर शशि भूषण लाल सुशील, उनकी धर्मपत्नी गरिमा भूषण तथा जिला विद्यालय निरीक्षक रामचन्द्र ने सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया। समारोह में पीजी से लेकर कक्षा 8 तक तथा कक्षा 9 व 11 के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही कक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ उपस्थिति दर्ज करने वाले छात्रों को भी सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखायी। विद्यालय प्रबंधक अमित कुमार पाण्डेय, अध्यक्ष जया पाण्डेय, रोजवुड इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सरिता पाण्डेय तथा रोजवुड इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या श्वेता त्रिपाठी ने आभार जताया।

समारोह में विद्यालय के संस्थापक राकेश पाण्डेय, प्रेम सागर पाण्डेय, प्रधान चंदवतपुर अवधेश शुक्ला, मनकापुर चेयरमैन दुर्गेश सोनी, प्रधान बालपुर जाट रज्जू यादव, मनीष द्विवेदी, श्रवण शुक्ला आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन यथार्थ मोहन तिवारी एवं सुप्रिया ने किया।

## मेडल व प्रमाणपत्र पाकर खिल उठे नौनिहाल

**करनैलगंज, अमृत विचार :** क्लास 5 तक के बच्चों के लिए स्थापित सनराइज किड्स कान्वेंट में आयोजित रिजल्ट डे सेरेमनी में मंगलवार को उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। विद्यालय परिसर में बनाए गए सेल्फी प्वाइंट पर बच्चों व अभिभावकों की भीड़ उमड़ी रही। इस अवसर पर मेधावी छात्रों को रैंक सर्टिफिकेट व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया, वहीं शिक्षकों ने गिफ्ट देकर उनका उत्साहवर्धन किया।विद्यालय के प्रबंधक केएल वर्मा ने कहा कि संस्थान की सफलता के पीछे बेहतर प्रबंधन और प्रशिक्षित शिक्षकों की मेहनत का बड़ा योगदान है, जो बच्चों की शिक्षा की मजबूत नींव रखते हैं। वहीं अध्यक्ष सुरेश कुमार पुरवार सोनू ने अभिभावकों का आभार जताते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान कव्यांश खेतान, तनिष्का, हिमानी यादव, अविराज वत्स, हरलीन कौर, अविरल मिश्रा, सचमान सिंह, आसवी कश्यप, सौम्या सिंह, नीतू कनौजिया, अथर्व रस्तोगी, आध्या गुप्ता व आध्या सोनी ने अपनी-अपनी कक्षाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

## बच्चों का रिपोर्ट कार्ड उनके विकास की झलक

**खरगूपुर, अमृत विचार :** बाबू बच्चा सिंह स्मारक इंटर कालेज देवरिया कलां भटपुरवा में वार्षिक परीक्षा का प्रगति पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाचार्य रोहित तिवारी ने कहा कि सभी बच्चों ने अपनी क्षमता के अनुसार बेहतर प्रदर्शन किया है। 'अभिभावक-शिक्षक बैठक' में कहा कि बच्चों के रिपोर्ट कार्ड केवल उनके अंकों का मेल नहीं, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास की एक झलक है। बच्चों की मेहनत की सराहना कर उन्हें बेहतर भविष्य के लिए प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति से गिरीश चन्द्र सिंह,उपप्रधानाचार्य यशोदानन्द शुक्ला, अशोक सिंह, एसपी सिंह, दिनेश भारती, साबिर अली सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## मेधावी छात्रों को किया गया सम्मानित

**मनकापुर, अमृत विचार :** एसडीएस पब्लिक स्कूल पचपुती जगतापुर में मंगलवार को परीक्षाफल वितरण एवं छात्र-अभिभावक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले सभी छात्र छात्राओ को शील्ड, मेडल व उपहार देकर सम्मानित किया गया। नर्सरी के वीरेश बहादुर, एलकेजी के अनमोल, कक्षा एक के अच्युत, कक्षा दो की रिमझिम, तीन की अंशिका, चार की आस्था, पांच के संजय, छह की मानसी, सात के हरिओम, आठ की रूबी को प्रथम स्थान मिला है। इन सभी छात्र छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक सीपी सिंह व उनकी पत्नी मंजू सिंह ने ट्राफी व मेडल देकर सम्मानित किया। कक्षा में द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले सभी छात्र छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। इसके साथ साथ खेलकूद, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मेधावियों को मेडल देकर सम्मानित किया गया।

## धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जन्मोत्सव

**गोंडा, अमृत विचार :** शहर में जगह-जगह गुरुवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। रानी बाजार स्थित पुरानी गल्ला मंडी में श्री बालाजी सेवक परिवार द्वारा द्वितीय वर्ष बुधवार को श्री अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होगा। और 2 अप्रैल को भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें भजन गायक विशाल श्रीवास्तव, बंटी राज, शिवकुमार बड़कऊ, मयंक कसौधन, करन पटवा और पायल गुप्ता द्वारा भजन संकीर्तन होगा। भंडारे का भी आयोजन होगा। ये जानकारी कार्यक्रम के आयोजक अमित सोमानी ने दी। उधर श्री मेंहदीपुर बालाजी सेवक परिवार समिति, दयानंद द्वारा हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम गोनार्द लान निकट टामसन कॉलेज के सामने होगा जिसमें बुधवार को श्री अखंड रामायण पाठ होगा 2 अप्रैल को सायंकाल भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें भजन गायक रोहित शर्मा दीपक, गिलेश प्रकाश और सौरभ त्रिपाठी सहित अन्य भजन गायक भजनों की हाजिरी लगाएंगे। सवामनी प्रसाद 13वां विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। यह जानकारी कार्यक्रम के आयोजक प्रेम गोयल ने दी। उधर मालवीय नगर स्थित श्री हनुमान गढ़ी मंदिर में श्री मेंहदीपुर बालाजी परिवार द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव पर केक काटकर बाबा का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। बाबा को भोग लगाकर भंडारा होगा। यह जानकारी कार्यक्रम के आयोजक सुनील कुमार रस्तोगी ने दी आवास विकास कॉलोनी कच्चे बाबा आश्रम में प्रथम वर्ष श्री हनुमान जन्मोत्सव का कार्यक्रम किया जाएगा जिसमें गुरुवार को सुंदरकांड का पाठ आयोजित होगा और बालाजी सरकार का जन्मोत्सव धूमधाम से केक काट कर मनाया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम के आयोजक सनी जायसवाल ने दी।

## कंस वध की कथा सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु

**तरबगंज, अमृत विचार :** मनहना गांव में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के पांचवें दिन कंस वध का प्रसंग सुनाया गया, जिसे सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो उठे। पूरा पंडाल भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से गूंज उठा। कथा व्यास पंडित शुभम रामानुज ने बताया कि कंस ने स्वयं श्रीकृष्ण को मथुरा बुलाकर अपनी मृत्यु को निमंत्रण दिया था। अहंकार और अधर्म में डूबा कंस पूरे संसार पर विजय प्राप्त करना चाहता था, लेकिन उसे यह ज्ञात नहीं था कि उसका काल जन्म ले चुका है। भगवान श्रीकृष्ण ने कंस का वध कर धर्म की स्थापना की और अधर्म का अंत किया।

## संस्कृति, संस्कार की कार्यशाला है विद्या भारती

**गोंडा, अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज मालवीय नगर में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ रामचन्द्र उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य रवि कुमार शुक्ल ने अतिथियों का परिचय स्वागत कराते हुए वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा की। डीआईओएस ने छात्र-छात्राओं को परिश्रम, अनुशासन एवं नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा देते हुए कहा कि विद्या भारती के विद्यालय भारतीय संस्कृति ज्ञान परम्परा एवं श्रेष्ठ संस्कारयुक्त शिक्षा देने के लिए समाज हित में कार्य करने के संकल्पित हैं। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य रवि कुमार शुक्ल ने अतिथियों का आभार जताया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत से हुआ। संचालन जितेंद्र पाण्डेय हलचल ने किया। उपर्युक्त जानकारी विद्यालय के प्रचार संयोजक शशांक गौरव त्रिपाठी ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में दी।

## हिंदी प्रवक्ता पद पर कुलदीप का चयन



**करनैलगंज, अमृत विचार :** क्षेत्र के नहवा परसौरा गांव निवासी हिंदी साहित्य में रुचि रखने वाले कवि कुलदीप शुक्ल का चयन रक्षा मंत्रालय भारत सरकार के प्रतिष्ठित उपक्रम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के सीनियर स्कूल में हिंदी प्रवक्ता (पीजीटी) पद पर हुआ है। इस सफलता पर लोगों में खुशी का माहौल है। कुलदीप पूर्व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व अधिवक्ता अरविंद शुक्ल के भतीजे हैं। उनके पिता वीरेंद्र शुक्ल पुलिस विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। कुलदीप की इस उपलब्धि पर परिजनों सहित क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। कुलदीप की इस सफलता पर पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे, प्रमुख मनोज पाण्डेय, नानबच्चा पाण्डेय, विनोद शुक्ला, प्रमुख भवानी भीख शुक्ल, श्यामधर शुक्ल, त्रिलोकीनाथ तिवारी, राम अधार पाण्डेय, बड़कऊ तिवारी, आशीष शुक्ल, मनीष ओझा, अधिवक्ता सुनील ओझा व डॉ. प्रदीप शुक्ल सहित तमाम लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## मारवाड़ी युवा मंच का शपथ ग्रहण समारोह आज

गोंडा, अमृत विचार : बुधवार को बहराइच रोड स्थित ड्रीम हाउस मे आयोजित कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच गोंडा शाखा का कार्यकारिणी पद ग्रहण समारोह का आयोजन होगा जिसमें मुख्य अतिथि प्रांतीय अध्यक्ष नवीन पालड़ीवाल रहेंगे। कार्यक्रम में नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाएंगे, प्रांतीय अध्यक्ष के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। फिर नई कार्यकारिणी का गठन होगा, उसके बाद शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन होगा। यह जानकारी शाखा अध्यक्ष पीयूष मित्तल ने दी है।

## शिक्षिका के पद पर हुआ चयन

**मनकापुर, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग में संविदा के आधार पर शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया के तहत अपेक्षिता पांडेय का चयन कस्तूरबा विद्यालय में अंग्रेजी प्रवक्ता के पद पर हुआ है। अपेक्षिता पांडेय पुत्री शिव प्रसाद पांडेय को संविदा के आधार पर चयनित किया गया है। उन्हें जिले के उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, हलधरमऊ में तैनाती दी गई है। अपेक्षिता पांडेय मूल रूप से विकासखंड मनकापुर के लक्ष्मनपुर गांव की निवासी हैं। उनके चयन से गांव एवं क्षेत्र में खुशी की लहर है। स्थानीय लोगों व परिजनों ने उन्हें बधाई दी है।

## खाटू श्याम के भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**गोंडा, अमृत विचार :** बेलसर ब्लॉक क्षेत्र के माधवपुर ग्राम पंचायत में आयोजित खाटू श्याम भंडारे में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्ति और सेवा के इस आयोजन में क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और भगवान खाटू श्याम के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में तरबगंज विधायक प्रेम नारायण पांडेय ने भी शिरकत की। उन्होंने प्रसाद ग्रहण कर आयोजन की सराहना की। भंडारे के आयोजन में श्याम सेवा ट्रस्ट की पूरी टीम की भूमिका रही। दद्दा ओझा, आशीष तिवारी, जेपी ओझा, बब्लू ओझा, सच्चिदानंद शुक्ला सहित सभी सदस्यों के प्रयासों की लोगों ने प्रशंसा की। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख गुड्डू सिंह परास, कुलदीप मिश्रा, राजीव मौर्या, बच्चाराम यादव, रविन्द्र पांडेय, अनुपम शुक्ला, कौशलेंद्र पांडेय व छोटे महाराज समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

## मुकदमे से खफा दबंगों ने कर दी पिटाई

**खरगूपुर, अमृत विचार :** मारपीट करने वाले आरोपियों ने मुकदमा दर्ज होने का विरोध करते हुए महिला समेत तीन लोगों की लाठी-डंडे से पिटाई कर घायल कर दिया। मामला थाना क्षेत्र के ग्राम अनंतपुर का है। यहां तीन दिन पूर्व सूफिया बेगम पत्नी गुलाम मोहम्मद को पड़ोस के लोगों ने रंजिश को लेकर उसे व अन्य लोगों पर हमला कर घायल कर दिया गया। पीड़िता ने हमला तथा जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिजवान इमरान,हारून तथा शकील के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया था। उक्त मुकदमा लिखाए जाने की रंजिश में पुन: आरोपियों ने पीड़िता व अकरुन निशा तथा शहजाद पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया, जिससे तीनों को गंभीर चोटें आईं। वरिष्ठ उपनिरीक्षक पंकज कुमार ने बताया कि चारों आरोपियों के विरुद्ध हमला,जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर घायलों को स्थानीय सीएचसी भिजवाया गया है।

## साइबर हेल्प डेस्क ने वापस कराये 50 हजार रुपये

**गोंडा, अमृत विचार :** ऑपरेशन साइबर कवच के तहत थाना खरगूपुर की साइबर हेल्पडेस्क टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर फ्रॉड के शिकार एक पीड़ित के 50 हजार रुपये वापस कराए। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देश व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के मार्गदर्शन में टीम ने संबंधित बैंक से समन्वय कर धनराशि पीड़ित के खाते में लौटाई। भटपुरवा निवासी फैज अहमद ने साइबर ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी, जिस पर तुरंत कार्रवाई की गई। रुपये वापस मिलने पर पीड़ित ने पुलिस टीम का आभार जताया।पुलिस ने लोगों से अपील की है कि साइबर धोखाधड़ी होने पर 1930 हेल्पलाइन पर शिकायत करें।

## महिलाओं को सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

**कटरा बाजार, अमृत विचार :** मंगलवार को थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत शाहजोत के मजरा बहती पुरवा में महिला सशक्तिकरण और सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं व बालिकाओं को उनके अधिकारों और आत्मरक्षा के तरीकों से अवगत कराया।कार्यक्रम में पंपलेट वितरित कर महिलाओं को हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करना और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत मदद लेने के लिए प्रेरित किया गया है। इस अवसर पर महिला आरक्षी अनीता बाजपेई व कांस्टेबल राम सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**जरवलरोड (बहराइच) :** लखनऊ बहराइच मार्ग थाना जरवलरोड अंतर्गत एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना 25 मार्च की रात लगभग 10 बजे परसा और अट्ठैसा के बीच की है। जानकारी के अनुसार सतबीर पुत्र राम मनोहर निवासी रूदाईन किसी पटीदारी के बेटी यहां तिलक कार्यक्रम में शामिल होकर वापस घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को सीएचसी ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया, जहां अधेड़ की मौत हो गई।

### नाबालिग को भगा ले जाने का आरोप

**जरवल रोड, (बहराइच) :** थाना क्षेत्र के ग्राम दिकोलिया बांध निवासी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि की सुबह वह अपने परिवार के साथ सरसों काटने खेत पर गए थे। घर पर उनकी नाबालिग बेटी (14 वर्ष) अकेली थी। इसी दौरान आरोपी राधेश्याम पुत्र लोचन, निवासी हलबलपुर थाना मोहम्मदपुर खाला जनपद बाराबंकी, उसे बहला-फुसलाकर शादी की नीयत से भगा ले गया। पीड़ित के अनुसार, जब वह सुबह करीब 10 बजे खेत से वापस घर पहुंचे तो उनकी बेटी घर पर नहीं मिली। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच की जिम्मेदारी उपनिरीक्षक को सौंपी गई है।

### 5 लाख रुपये की ठगी करने के आरोपी पिता पुत्र गिरफ्तार

**श्रावस्ती :** कोतवाली भिनगा क्षेत्र के नउआ लखाही बेनीनगर निवासी ओमप्रकाश मिश्रा पुत्र बजरंगीलाल मिश्रा व उसका पुत्र प्रत्युष मिश्रा खुद को दवा व्यवसाई बताकर दवा उपलब्ध कराने के नाम पर ठगी कर रहे थे। दोनों ने कुछ लोगों से पांच लाख तीन हजार 83 रुपए की ठगी की। कोतवाली भिनगा प्रभारी निरीक्षक राज प्रकाश सिंह के नेतृत्व में साइबर प्रभारी भिनगा मनोज यादव पुलिस व साइबर सेल टीम के साथ दोनों आरोपियों को तलाश कर रही थी। सोमवार शाम को मुखबिर की सूचना पर टीम ने दोनों आरोपियों को भुजंगा पुल के पास लखाही बेनीनगर जाने वाले मार्ग से घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास 3 मोबाइल बरामद किए। पूछताछ में आरोपी प्रत्यूष मिश्रा ने ठगी की बता स्वीकार की है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने मोहा मन

**बहराइच :** फखरपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत बुबकापुर स्थित शांती शिक्षा निकेतन एवं पं. जगत राम मिश्र संस्कृति इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विस प्रत्याशी कैसरगंज गौरव वर्मा, जबकि विशिष्ट अतिथि केडीसी प्रवक्ता नीरज पांडेय, चन्द्र शेखर सिंह आजाद रहे। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान नन्हें-मुन्ने बच्चों ने प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सूर्य प्रकाश मिश्रा, सरोज पाठक, प्रिया सिंह, ज्योति मिश्रा, जया पाठक, शालिनी सिंह, निहारिका सिंह, रीना, किरन, सालून, रामकुमार गौड़, हृदय राम यादव, हरिश्चंद्र, कलीम आदि रहे।

# 10 तक तैयार होगा पीपा पुल, मरम्मत कार्य जारी

## लोगों को राहत मिलने की उम्मीद: सहायक अभियंता ने बताया-ग्राउंडिंग व बेरिंग बदलने का काम दोबारा शुरू

संवाददाताा, जरवल रोड (बहराइच)

**अमृत विचार।** बाराबंकी-बहराइच मार्ग पर स्थित घाघरा घाट के संजय सेतु पुल की जर्जर स्थिति को देखते हुए चल रहे मरम्मत कार्य में अब तेजी आ गई है। लंबे समय से खराब हालत में चल रहे इस महत्वपूर्ण पुल के पुनर्निर्माण और सुदृढ़ीकरण के लिए विभाग द्वारा युद्ध स्तर पर कार्य कराया जा रहा है, जिससे क्षेत्र के लाखों लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है।

पीपा पुल में चल रहे इस कार्य की जानकारी देते हुए सहायक अभियंता अनंत मौर्य ने बताया कि पुल के महत्वपूर्ण हिस्सों पिलर में बेरिंग बदलने का कार्य कुछ समय के लिए तकनीकी कारणों से रोक दिया गया था, लेकिन अब इसे दोबारा शुरू कर दिया गया है। वर्तमान में ग्राउंडिंग का कार्य तेजी से किया जा रहा है, ताकि पुल की मजबूती सुनिश्चित की जा सके।

उन्होंने बताया कि पीपा का अस्थायी पुल लगभग तैयार होने की स्थिति में है और इसे 10 अप्रैल तक पूर्ण रूप से चालू कर दिया जाएगा। पीपा पुल तैयार होते ही सजंय सेतु पर पूरी तरह यातायात को बंद कर डायवर्जन लागू किया जाएगा, जिससे मरम्मत कार्य में कोई बाधा न आए। इसके बाद पुल की ऊपरी सतह पर स्थित एक्सपेंशन जॉइंट को बदलने का कार्य किया जाएगा, जो लंबे समय से क्षतिग्रस्त अवस्था में है। यह कार्य पुल की संरचनात्मक मजबूती के लिए बेहद जरूरी माना जा रहा है। सहायक अभियंता ने आगे बताया कि जहां-जहां नदी मे पानी ज्यादा समस्या बनी हुई है नीचे से काम नहीं हो पा रहा और नदी के नीचे का हिस्सा प्रभावित है, वहां विशेष तकनीक "झूला पद्धति" का उपयोग करते हुए बेरिंग बदलने का कार्य किया जाएगा। यह कार्य तभी संभव होगा जब पुल पर पूरी तरह से आवागमन बंद कर दिया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरे कर लिए जाएंगे। पीपा पुल के चालू हो जाने से स्थानीय लोगों, व्यापारियों और यात्रियों को काफी राहत मिलेगी और आवागमन सुगम हो सकेगा।

### खरगापुर-चन्दहा नाला पर पुल निर्माण को मिली मंजूरी


विधायक सुभाष त्रिपाठी।

**पयागपुर (बहराइच), अमृत विचार।** विधानसभा पयागपुर के अंतर्गत हुजूरपुर क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए राहत भरी खबर है। क्षेत्र की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए शासन ने ग्राम पंचायत खरगापुर स्थित चन्दहा नाला पर 20 मीटर लंबे पुल और अतिरिक्त पहुंच मार्ग के निर्माण को हरी झंडी दे दी है। इस परियोजना के लिए 237 .89 लाख का बजट स्वीकृत किया गया है। विधायक सुभाष त्रिपाठी व सांसद करण भूषण सिंह के संयुक्त प्रयासों से मिली इस सौगात से इलाके में खुशी की लहर है क्षेत्रीय जनता लंबे समय से खरगापुर चन्दहा नाला पर पुल निर्माण की मांग कर रही थी। बरसात के दिनों में नाला उफान पर होने के कारण दर्जनों गांवों का संपर्क मुख्यालय से कट जाता था। स्थानीय निवासियों को कई किलोमीटर का चक्कर लगाकर गंतव्य तक पहुंचना पड़ता था। पुल के साथ-साथ 237 .89 लाख की लागत से बनने वाला अतिरिक्त पहुंच मार्ग गांवों की कनेक्टिविटी को और सुदृढ़ करेगा इस बड़ी परियोजना की स्वीकृति को क्षेत्रीय विधायक सुभाष त्रिपाठी और सांसद करण भूषण सिंह की बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। विधायक सुभाष त्रिपाठी ने बताया कि वह निरंतर इस प्रोजेक्ट की पैरवी शासन स्तर पर कर रहे थे। उन्होंने कहा कि "जनसेवा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और निरंतर किए जा रहे प्रयासों का ही परिणाम है कि आज इतनी बड़ी धनराशि स्वीकृत हुई है। यह पुल क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।" परियोजना की स्वीकृति पर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति कृतज्ञता प्रकट की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य हो रहे हैं। इस पुल के निर्माण से किसानों को अपनी उपज मंडी तक ले जाने में आसानी होगी और आपातकालीन स्थितियों में मरीजों को अस्पताल पहुंचाना सरल हो जाएगा। पुल बनने से ग्राम पंचायत खरगापुर समेत हुजूरपुर ब्लॉक के दर्जनों मजरों और निकटवर्ती गांवों के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। ग्रामीणों ने इस सौगात के लिए जनप्रतिनिधियों का आभार जताया है।

# मौलाना अब्दुल सलीम को भेज दिया गया जेल



पुलिस अभिरक्षा में आरोपी मौलाना। अमृत विचार

संवाददाता, बहराइच

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां पर की थी अभद्र टिप्पणी

**अमृत विचार।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उनकी मां पर अभद्र टिप्पणी करने वाले बिहार के मौलाना को स्पेशल टास्क फोर्स ने बिहार में गिरफ्तार किया था। जिसके बाद आज उन्हें टीम बहराइच लेकर आई इस दौरान नगर कोतवाली में पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है।

बिहार के रहने वाले मौलाना अब्दुल सलीम ने कुछ दिन पूर्व मुख्यमंत्री की मां पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसको लेकर प्रदेश के बहराइच समेत कई जिलों में उन पर मुकदमे दर्ज किए गए थे। जिसके बाद प्रदेश की एस टी एफ उन्हें बिहार से गिरफ्तार कर आज जनपद लेकर पहुंची, यहां पर नगर कोतवाली में अधिकारियों की ओर से करीब 30 मिनट तक पूछताछ के बाद उन्हें जिला कारगार भेज दिया गया है। आपको बता दें, अभद्र टिप्पणी को लेकर विश्व हिंदू परिषद के विधि प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह ने बीते 8 मार्च को नगर कोतवाली में मौलाना के खिलाफ तहरीर देते हुए मुकदमा दर्ज कराया था।

# पुलिस अधीक्षक विश्वजीत ने गृहण किया कार्यभार

संवाददाता, बहराइच

- वार्ता में बोले-अपराध की रोकथाम करना प्राथमिकता

**अमृत विचार।** जनपद के नए पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने देर रात जिला मुख्यालय पहुंच कार्यभार गृहण किया। जिसके बाद उन्होंने मंगलवार को पुलिस लाइन में स्थित सभागार में पत्रकारों से वार्ता करते हुए अपनी प्राथमिकता बताई।

उन्होंने बताया कि वह पुलिस उपायुक्त लखनऊ कमिश्नरेट में तैनात थे। उसके पहले बिजनौर, रायबरेली समेत अन्य जिलों में अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्य कर चुके हैं। वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि चोरी नकबजनी के साथ ही हर प्रकार के अपराध की रोकथाम करना ही उनकी पहली प्राथमिकता है। महिला संबंधी अपराधों पर लगाम लगाने के साथ जीरो टोलरेंस के


पत्रकारों से बातचीत करते नवागत पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव।

तहत कार्य किया जाएगा। बतौर पुलिस अधीक्षक उन्हें पहली बार जनपद में तैनाती मिली है। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर अशोक सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी मौजूद रहे।

# चीन की वस्तुओं के प्रयोग पर रहेगी रोक

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी आगामी 6 अप्रैल को अपना 46वां स्थापना दिवस मनाने जा रही है। इसी उपलक्ष्य में जिला कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें स्थापना दिवस के कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री मणीन्द्र पांडेय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह हम सभी के लिए गर्व का विषय है कि विश्व की सबसे बड़ी पार्टी का स्थापना दिवस 6 अप्रैल को है।

उन्होंने निर्देश दिया कि 5 से 7 अप्रैल तक सभी मंडल, जिला और प्रदेश कार्यालयों को सजाया जाएगा और रंगोली बनाई जाएगी, लेकिन विशेष रूप से हिदायत दी कि सजावट में किसी भी चीन की वस्तु का प्रयोग नहीं किया जाएगा। 6 अप्रैल को सभी कार्यालयों पर ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरण होगा और पार्टी की विकास यात्रा पर



स्थापना दिवस की तैयारी बैठक में मौजूद भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

- भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर क्षेत्रीय मंत्री ने दिए निर्देश

उद्बोधन दिया जाएगा। सभी कार्यकर्ता अपने घरों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर ध्वज फहराएंगे।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने कहा कि स्थापना दिवस को एक विशेष अभियान के रूप में लेते हुए इसे शत-प्रतिशत बूथों पर कुशलतापूर्वक मनाया जाएगा। तय कार्यक्रम के अनुसार 6 व 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर सक्रिय सदस्यों व गणमान्य नागरिकों के साथ उत्सव मनेगा, जबकि 8 व 9 अप्रैल को जिला स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित होगा। इसके बाद 7 से 12 अप्रैल तक बस्ती संपर्क अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रमों की जानकारी सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म पर अपडेट करने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक राघवेंद्र सिंह, हेमा निगम व अमित वर्मा सहित पूर्व जिलाध्यक्ष संचित सिंह, पूर्व प्रत्याशी गौरव वर्मा, जिला उपाध्यक्ष राहुल रॉय, हरिश्चन्द्र गुप्ता, कन्हैया सोनी, जिला महामंत्री रणविजय सिंह, सुनील श्रीवास्तव, सुवेद वर्मा, मीडिया प्रभारी शिवांकर शुक्ला व अन्य पदाधिकारी एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे।

### इकौना में निकाली गई शोभायात्रा

**इकौना (श्रावस्ती), अमृत विचार।** विश्व हिन्दू परिषद की ओर से सोमवार शाम गायत्री मन्दिर इकौना से श्रीराम जन्मोत्सव की शोभा यात्रा निकाली गई। इसमें भगवान श्रीराम, हनुमान व नन्दी पर विराजमान शिव व पार्वती की आकर्षक झांकी सजाई गई। इसमें काफी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में श्रावस्ती विधायक रामफेरन पांडेय ने आरती उतार कर शोभायात्रा को रवाना किया। यह शोभा यात्रा इकौना कस्बे के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जिसका जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान समूंचा नगर जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान रहा। विहिप के नगर मंत्री सत्य प्रकाश गुप्ता ने कहाकि शोभायात्रा हमारी सांस्कृतिक विरासत है। इस मौके पर विहिप संयोजक अजय जायसवाल, रघुपति पांडेय, संजय आर्य, सुभाष जैसवाल, संजय सोनी, पवन गुप्ता, जोगेंद्र पटवा, जितेंन्द्र कसौंधन, कन्हैया कसौंधन, सतीष जायसवाल, नानबाबू तिवारी, ओम प्रकाश गुप्ता, कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।


निकाली गई शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालु।

### सपा ने हमेशा भाईचारे की राजनीति की : नसीमुद्दीन

**बहराइच, अमृत विचार।** अभी शीघ्र ही सपा में शामिल हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी का बहराइच में विश्व ब्राहमण कल्याण परिषद के जिलाध्यक्ष पंडित पुंडरीक पांडेय ने अपने कई साथियों के साथ स्वागत किया। नगर के बंजारी मोड़ पर किये गये इस स्वागत के दौरान नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि ब्राहमण समाज ने हमेशा देश व समाज को सही दिशा दी है, अब आवश्यकता है कि इस समाज के सम्मान सुरक्षा, भागीदारी को लेकर पहल की जाये। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा से सामाजिक न्याय, सभी वर्गों के सम्मान और भाईचारे की राजनीति करती आई है और ब्राहमण समाज के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इसके उपरांत पूर्व विधायक केके ओझा के प्रतिष्ठान पर पहुंचकर उनके पौत्र के संपन्न हुए मुंडन एवं मांगलिक कार्यक्रम की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एडवोकेट सईद सिद्दीकी, इं. जय प्रकाश मिश्र "जेपी.", हाजी महफूज अहमद, अनुज मिश्र, समाजसेवी नेता अमर नाथ शुक्ल, एडवोकेट तारिक, राघवेंद्र द्विवेदी "पुल्लू", अजहर हुसैन, मो. फरीद हुसैन, विष्णू शंकर पाण्डेय, चैतन्य पुंडरीक पाण्डेय, राजकुमार अवस्थी "बब्बू", क्रांति प्रकाश शुक्ल, अखिलेश पाण्डेय "सजल", पवन मिश्र, दुर्गेश मिश्रा, गणेश मिश्रा, माता प्रसाद पाण्डेय, सर्वेश पाण्डेय, शिव प्रकाश पाण्डेय, अल्तमश हुसैन, दुर्गेश पाण्डेय, मूलचंद राव, गोविंद प्रसाद गौतम सहित अनेक सम्मानित लोग उपस्थित रहे।


ब्राहमण समाज के जिलाध्यक्ष पंडित पुंडरीक पांडेय व कार्यकर्ताओं से चर्चा करते नसीमुद्दीन सिद्दीकी।

# कंबोडिया की राजदूत ने बुद्ध की तपोस्थली में की प्रार्थना

इकौना (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** कंबोडिया की राजदूत मिश रथमैनी सोमवार शाम ललित कला अकादमी उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र मिश्रा व लॉर्ड बुद्धा वेलफेयर फाउंडेशन भारत के प्रेसिडेंट दिवाकर पटेल के साथ बौद्ध तपोस्थली श्रावस्ती पहुंची। यहां उन्होंने आनंद बोधि पर बौद्ध भिक्षु देवेंद्र थेरो की अध्यक्षता में प्रार्थना की।

इस दौरान कंबोडिया की राजदूत ने कहा कि श्रावस्ती हमारे धर्म में पवित्र तीर्थ स्थलों में से एक है। इसलिए हम लोग यहां पूजा करने आते हैं। यहां की पवित्रता एवं स्वच्छता पूरे विश्व में मान्य है और बनी हुई है। यहां की पवित्रता बनाए रखने में हम सभी मानव प्राणियों को सहयोग करना चाहिए। जिससे भगवान बुद्ध के बताए मार्ग पर चलकर हम अपना तथा विश्व का कल्याण कर सकें। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध ने इस स्थल पर 25 वर्षावास बिताकर इस धरती को पवित्र किया था। वहीं ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष ने कहा कि हम लोग धन्य है कि भगवान बुद्ध हमारे देश में जन्म लेकर श्रावस्ती जैसे स्थल पर रहकर इस स्थल को पूर्ण किया। लॉर्ड बुद्धा फाउंडेशन के अध्यक्ष ने कहा कि भगवान बुद्ध के बताए हुए मार्ग पर चलकर हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। इस दौरान भिक्षुणी मेघा थेरो, एसडीएम इकौना पीयूष जायसवाल, सीओ भारत पासवान, प्रवीण कुमार बौद्ध सहित काफी संख्या में बौद्ध अनुयायी मौजूद रहे।


आनंद बोधि पर प्रार्थना करतीं कंबोडिया की राजदूत साथ में अन्य लोग। अमृत विचार

# चोरी का 24 घंटे में खुलासा सर्राफा और चोर गिरफ्तार

बदला चौराहा (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** इटाहिया गांव में बीते सोमवार को चोर एक घर से चोर एक घर से नकदी व जेवर पार कर लिया था। इसका मामला दर्ज कर पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरो की निगरानी की गयी तो गांव के ही एक मकान में लगे सीसीटीवी फुटेज में एक संदिग्ध व्यक्ति गांव के बाहर जाता दिखा। वह पुनः वापस गांव के बाहर से अन्दर घटनास्थल की तरफ जाता हुआ दिखा। प्रभारी निरीक्षक महिमानाथ उपाध्याय ने बताया कि जांच में उसकी पहचान शाहपुर अचरौरा निवासी इसहाक अली उर्फ इसहाक पुत्र अब्दुल सत्तार अली के रूप में हुई। जिससे पूछताछ में पता चला कि उसने चोरी का गहना नासिरगंज के सर्राफा आलोक कुमार गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता को बेच दिया है। तलाशी में उसके पास से 3500 रुपया बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने सर्राफा उपरोक्त के कब्जे से एक सोने की अंगूठी, चांदी की तीन जोड़ी पायल, दो जोड़ी चुटकी, एक झुमकी, एक चांदी की माला बरामद किया गया। पुलिस ने सर्राफा सहित इसहाक अली को जेल भेज दिया है।

**चोरी मामले में दोषी को सजा, श्रावस्ती:** 510 रुपये की चोरी करने के मामले में कोर्ट ने 24 वर्ष बाद दोषी को सजा सुनाई। भिनगा पुरानी बाजार निवासी महतो पुत्र छोटेलाल ने वर्ष 2002 में एक व्यक्ति के जेब से 510 रुपये की चोरी किए थे। जिसे पुलिस ने जेल भेजा था। मामला कोर्ट में विचाराधीन था। मंगलवार को न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए जेल में बिताई अवधि के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 600 रुपये के अर्थदंड लगाया है।

### स्कूल में वितरित किया गया वार्षिक परीक्षाफल

**कैसरगंज (बहराइच)।** कंचन कान्वेंट स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के तहत विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं को शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया गया। समारोह में विद्यालय प्रबंधक एम श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यालय सदैव बच्चों को संस्कारवान व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए सतत तत्पर है। समारोह के तहत जूनियरमें कक्षा आठ की छात्रा शिक्षा सिंह, दुआ बटूल, अभिलाष चौधरी, श्रेया जयसवाल, शिवांश गुप्ता, दिव्या सोनी, आयुषी सिंह, लकी राजपूत, नैना कौशल अवनी कौशिक, वंशिका शुक्ला ने कक्षा सात में वकार अंसारी, आस्था सिंह, आशुतोष विश्वकर्मा, लारेब अंसारी आदि को उपनिदेशक संगीता श्रीवास्तव व डिप्टी डायरेक्टर इंजीनियर अगम स्वरूप श्रीवास्तव ने शील्ड व मेडल प्रदान किया। समारोह मे पंकज शुक्ला, मोहम्मद माजिद, अबरार अहमद, रंजीत सिंह, नसीब अहमद, मालती सिंह, ज्योति सिंह, क्षमा सिंह, प्रियंका, प्रज्ञा पाण्डेय, दिव्यांशी सिंह, श्रेयांशी मिश्रा, सुधा सिंह, पवन सिंह, सिद्धार्थ चौधरी, प्रदीप श्रीवास्तव, उर्फी, उम्मे रूबी, विजय मिश्रा कंचन गुप्ता, पूनम यादव आदि मौजूद रहे।


परीक्षाफल और शील्ड के साथ बच्चे।

### बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा मन

**पयागपुर (बहराइच)।** विकास खंड विशेशवरगंज के उच्च प्राथमिक विद्यालय बंजरिया (1-8) में मंगलवार को वार्षिकोत्सव एवं अंकपत्र वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक देवी प्रसाद तिवारी के संयोजकत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और लोकगीतों की ऐसी छटा बिखेरी कि पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आशीष पांडेय ने किया। इस दौरान ॉश्याम नारायण द्विवेदी, ग्राम प्रधान रंजीत कुमार, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष मंगल प्रसाद, शिक्षक अतुल कुमार मिश्र, अमिताभ पाण्डेय, अशोक त्रिपाठी, जयप्रकाश तिवारी, रमेश जायसवाल, रोहित कुमार और रामदेव रहे।

### स्थापना दिवस की तैयारियों की बनाई रूपरेखा

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** भाजपा की ओर से छह अप्रैल को भाजपा स्थापना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान जिले में होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की तैयारियों की रूपरेखा बनाने के लिए पार्टी कार्यालय भिनगा में मंगलवार को जिला बैठक का आयोजन हुआ। जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मौजूद रहे। जिला बैठक में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवध क्षेत्र राहुल राज रस्तोगी ने कहाकि छह अप्रैल को जिला स्तर पर कार्यक्रम, प्रदर्शनी, सक्रिय सदस्य सम्मेलन, बूथ स्तर पर कार्यक्रम तथा गांव एवं बस्तियों में स्वच्छता के कार्यक्रम होंगे। जिलाध्यक्ष मिश्रीलाल वर्मा ने कहाकि स्थापना दिवस को हर कार्यकर्ता बूथ से लेकर, शक्ति केंद्र, मंडल एवं जिला स्तर पर अलग-अलग तरीके से मनाएगा। जिला बैठक में पूर्व जिलाध्यक्ष शंकर दयाल पाण्डेय, संजय कैराती पटेल, उदय प्रकाश त्रिपाठी, अभियान के संयोजक जिला उपाध्यक्ष दिवाकर शुक्ला, पूजा पांडेय, राजीव पाण्डेय, प्रवेश आर्य सहित जिला पदाधिकारी, मंडलों के अध्यक्ष एवं सदस्य उपस्थित रहे।

समस्या

इलाकों में कहीं खराब हैंडपंप तो कहीं नहीं शुरू हुई ओवरहेड टैंक से जलापूर्ति

# जिले में चढ़ने लगा पारा तो गहराने लगा पेयजल संकट

संवाददाता, इकौना (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** जिले में मौसम के चढ़ते पारे के साथ ही पेयजल का संकट गहराने लगा है। गांवों में खराब हैंडपंप व ओवरहेड टैंक से जलापूर्ति बहाल न होने के कारण लोग कम गहराई वाले हैंडपंप का पानी पीने को विवश हैं। इससे जहां लोगों को सेहत की चिंता सताने लगी है। वहीं संक्रामक रोग फैलने का खतरा भी बढ़ रहा है।

विकास खंड इकौना के ग्राम पंचायत लखाही में ग्रामीणों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के लिए वर्ष 2020-21 में करोड़ों रुपये की लागत से पानी टंकी का निर्माण कराया गया था। यहां जल निगम ने कर्मचारी तैनात कर ग्रामीणों को जलापूर्ति देने



लखाही गांव में खराब पड़ा हैंडपंप।

का वादा किया था। ग्रामीणों का यह सपना आज तक पूरा नहीं हो सका है। विभागीय लापरवाही के कारण पानी टंकी का संचालन बंद है। इससे करीब दो हजार की आबादी को शुद्ध पानी की आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। वहीं देखरेख के अभाव में पानी टंकी परिसर में झाड़ियां उग गई हैं। वहीं पाइप लाइन भी चोक हो रही है। इस ओवरहेड टैंक से गांव के


पानी की टंकी से नहीं हो रही जलापूर्ति।

सभी मजरों लखाही, कल्याणपुर, दहावरा, पटना कोठार, हरिजन पुरवा व पूजाराम पुरवा के ग्रामीणों को शुद्ध जल मिलना था। यहां ग्रामीणों ने पानी का कनेक्शन भी ले लिया है, लेकिन स्वच्छ पानी आज तक नहीं मिला। लखाही स्थित पानी टंकी की देखभाल व संचालन करने के लिए तैनात ऑपरेटर हरिशंकर शुक्ल ने बताया कि टंकी निर्माण के समय बिछाई गई पाइप लाइन कुछ दिनों में ही कई जगह फट गई थी। जिसका रिपेयर तक नहीं हुआ, इससे पानी टंकी से पेयजल की आपूर्ति पूरी तरह ठप है।

### गांव में जाकर जनता की समस्याओं का निस्तारण करें अधिकारी: राम फेरन पांडेय


बैठक को संबोधित करते श्रावस्ती विधायक।

**इकौना (श्रावस्ती), अमृत विचार।** इकौना ब्लॉक सभागार में मंगलवार को ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक हुई। ब्लाक प्रमुख मिथिलेश पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में श्रावस्ती विधायक राम फेरन पांडेय मौजूद रहे। बैठक में विधायक ने कहा कि ग्राम विकास अधिकारी बीडीसी व ग्राम प्रधान सहित संबंधित विभाग के अधिकारी के साथ गांव में जाकर जनता की समस्या सुनें। साथ ही उनकी समस्याओं का निस्तारण करें। श्रावस्ती विधानसभा क्षेत्र में सड़क और पुल का जाल बिछाया जा रहा है। इस क्षेत्र में पुल और सड़क की कोई समस्या नहीं रह गई है। राप्ती नदी के सिसवारा घाट, ककरा घाट और मथुरा घाट पर पुल का निर्माण हो रहा है। श्रावस्ती विधानसभा क्षेत्र में जितना सड़कों का जाल व पुल का निर्माण हो गया है, उतना अन्य पड़ोसी विधानसभा क्षेत्रों में नहीं हो पाया है। जिन ग्राम प्रधान व बीडीसी के क्षेत्र में पंचायत चुनाव से पूर्व सड़क या पुल का निर्माण नहीं हो पाया है वह अपने गांव की समस्या व काम का प्रस्ताव नोट करवा दें। जिससे उनके क्षेत्र में भी सड़क व पुल आदि का निर्माण कराया जाए। इस दौरान शिक्षा, कृषि व स्वास्थ्य विभाग से संबंधित अधिकारियों ने सदन को योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई। बैठक में बीडीओ उमेश चंद, उदय प्रताप मिश्रा, डॉ संग्राम गौतम, बीईओ, गिलौला प्रमुख प्रतिनिधि प्रकाश चंद्र, बृजेश दुबे, जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार त्रिपाठी, प्रधान समीर मिश्रा, अरविंद तिवारी, बुधना, मालिकराम, छब्बन खां, दिलीप शुक्ला, अमिरिका जायसवाल, ओंकार सिंह, हजरत अली सहित कई बीडीसी व ग्राम प्रधान मौजूद रहे।



जीवन के प्रति निराशा के बिना जीवन के प्रति प्रेम संभव नहीं है।
–अल्बेयर कामू, फ्रांसीसी दार्शनिक

# सफाए के बाद सवाल

गृहमंत्री अमित शाह ने देश को नक्सलियों से मुक्त होने के घोषणा कर दी। 24 अगस्त 2024 को उन्होंने प्रण लिया था कि 31 मार्च तक वे देश से नक्सल समस्या का खात्मा कर देंगे और उसके एक दिन पहले लोकसभा में यह घोषणा की। निःसंदेह देश में अब भी दो प्रमुख नक्सली कमांडर, कुछ एरिया कमेटियां और चंद नक्सली बाकी हैं। जल्द ही इनकी भी गिरफ्तारी, समर्पण अथवा खात्मा होने के बाद आधिकारिक तौर पर यह कहा जा सकता है कि दुनिया का सबसे लंबे समय से चल रहा माओवादी उग्रवाद का अवसान हो चुका है।

निश्चित तौर पर छह दशक से चल रही, इस समस्या के निवारण का श्रेय केंद्रीय गृहमंत्री को जाता है, जिनकी नीति अनुसार सुरक्षाबलों, जंगलों में गुरिल्ला लड़ाई के लिए विशेष प्रशिक्षित बलों, राज्य की पुलिस इकाइयों ने मिलकर उस काम को अंजाम दिया, जो कुछ ही बरस पहले तकरीबन असंभव माना जा रहा था। 2019 से 2026 के बीच 7049 नक्सली गिरफ्तार किए गए और 5880 ने आत्म समर्पण किया। गृहमंत्री के प्रण के बाद तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर 23 मई 2025 को 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के दौरान कई हार्डकोर नक्सलियों की मौत ने उनकी कमर तोड़ दी। इसी साल कई कमांडरों के साथ 317 नक्सली मारे गए, 800 पकड़े और 2300 ने सरेंडर किया। सुरक्षा बलों ने 2024 के बाद से 748 गुरिल्लों को मार कर कीर्तिमान बनाया। इन सबके चलते बीते महीने तक, माओवादी गतिविधियों वाले जिलों की संख्या 800 से घटकर केवल सात रह गई। इस बरस के पहले तीन महीनों में ही तकरीबन 700 नक्सलवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटे। सरकार के प्रलोभन और प्रताड़ना, पुचकारने और फटकारने वाली नीति भी सफल रही। उसने पिछड़े जिलों में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बैंकिंग और मोबाइल कनेक्टिविटी मिशन चलाया। सख्ती बढ़ाने के साथ नक्सलियों के लिए सरेंडर और रिहैबिलिटेशन पॉलिसी, नकद प्रोत्साहन का लालच, नौकरी, कौशल प्रशिक्षण की बात की और समझा दिया कि अन्याय का समाधान संविधान में है, हथियार में नहीं। इन सबका फलितार्थ आज सामने है और नक्सलवाद की बस चंद सांसें ही बची हैं।

इस समाधान के पश्चात भी कुछ सवाल शेष हैं। क्या 'जंगल राज' के अंत के बाद आदिवासी क्षेत्रों में 'न्याय का राज' स्थापित होगा, या उसकी जगह 'खनन राज' ले लेगा? देश के लगभग 40 प्रतिशत खनिज भंडार आदिवासी बहुल क्षेत्रों में स्थित हैं और स्वतंत्रता के बाद विकास परियोजनाओं के नाम पर करोड़ों लोगों के विस्थापन का इतिहास हमारे सामने है, जिनमें बड़ी संख्या आदिवासियों की ही है। नक्सलवाद के खात्मे के बाद इन क्षेत्रों में केवल सड़कें, खदानें और उद्योग ही दिखाई दें और सामाजिक न्याय, स्थानीय भागीदारी न आए, तो इस शांति के स्थायित्व पर शंका बनी रहेगी। यदि विकास आदिवासियों की सहमति और भागीदारी के बिना थोपा गया, तो यह असंतोष को जन्म दे सकता है और बेशक उपेक्षा और अन्याय विद्रोह की जमीन तैयार करते हैं। नक्सल विचारधारा से सहानुभूति रखने वाले ग्रामीण और आदिवासी अभी मौजूद हैं, इसलिए नक्सलवाद भले मरे पर विचारधारा जिंदा रही, तो वह फिर हिंसक या अहिंसक रूप सामने आ सकती है।

## प्रसंगवश

# अमेरिकी लेखिका कैथरीन को जवाब थी 'मदर इंडिया'

1957 में रिलीज हुई महबूब खान निर्देशित कालजयी हिट फिल्म मदर इंडिया एक ऐसी ग्रामीण भारतीय नारी की कहानी थी, जो गरीबी, शोषण और संघर्ष से जूझते, अदम्य साहस का परिचय देते हुए अंत में अपने विद्रोही बेटे बिरजू को मार देती है। यह फिल्म 1940 में महबूब खान द्वारा ही बनाई गई फिल्म 'औरत' का रीमेक थी। यह एक ऐसी फिल्म थी, जिसने सामाजिक मुद्दों, जमींदारी और मातृत्व के चित्रण को दर्शकों के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

यह फिल्म अमेरिकी लेखिका कैथरीन मायो की 1927 में छपी विवादास्पद पुस्तक 'मदर इंडिया' का जवाब थी, जिसमें भारतीय समाज व संस्कृति को गलत ढंग से पेश किया गया था। पुस्तक में भारतीय महिलाओं की दुर्दशा, अछूतों के प्रति भेदभाव और राजनेताओं पर हमला किया गया था। महबूब खान को फिल्म बनाने और उसके शीर्षक का ख्याल 1952 में आया था। खान ने फिल्म बनाकर भारतीय महिलाओं की ताकत को पुरजोर ढंग से दिखाने का प्रयास किया था।



दीपक नौगांई
लेखक

